न जरा रेवती प्राप्ता पलितश्च कुत प्रभो ।।३१
मेरु गतस्य वा तस्य शर्य्याते सन्तति कथम् ।
स्थिता पृथिव्यामद्यापि श्रोतुमिच्छामि तत्त्वत ।।३२
कियन्तो वा सुरगणा गन्धर्व्वास्तत्र कीदृशा ।
यच्छ्रुत्वा रैवत कालान् मुहूर्त्तमिव मन्यते ।।३३
न जरा क्षुत्पिपासा वा न च मृत्युभय तत ।
न च रोग प्रभवति ब्रह्मलोकगतस्य हि ।।३४
गान्धर्व्वं प्रति यच्चापि पृष्टस्तु मुनिसत्तमा ।
ततोऽह सप्रवक्ष्यामि याथातथ्येन सुव्रता. ।।३५
सप्त स्वरास्त्रयो ग्रामा मूर्च्छनास्त्वेकविंशति ।
तालाश्चैकोनपञ्चाशदित्येतत् स्वरमण्डलम् ।।३६
षड्जर्षभौ च गान्धारो मध्यम पञ्चमस्तथा ।
धैवतश्चापि विज्ञेयस्तथा चापि निषादवान् ।।३७

धर्मात्मा बलराम ने रेवती के साथ भ्रमण किया। उस कथा को सुन करके अनन्तर ऋषियों ने पूछा ।।३०।। ऋषिगण बोले—हे सूत नन्दन !

हे प्रभो ! बहुत युगों वाले काल के व्यतीत हो जाने पर रेवती वृद्धावस्था को प्राप्त नहीं हुई और पलित कैसे प्राप्त नहीं हुआ है ? ।।३१।। जब शर्याति मेरु पर चला गया तो उसकी सन्तति कसे हुई जोकि आज तक भी इस भू मण्डल पर स्थित है। यह तत्त्व पूर्वक सब वृत्त सुनना चाहते है ।।३२।। कितने सुरगण थे और किस तरह के गन्धर्व थे जिसको सुनकर रवत कालों को मुहूर्त की भाँति मानता था ।।३३।। श्री सूतजी ने कहा—ब्रह्मलोक मे जाने वाले को न बुढापा होता है और न भक्ष-प्यास ही लगती है। मृत्यु का भय भी नहीं होता है और न किसी रोग का भय ही रहा करता है ।।३४।। हे मुनिश्रेष्ठो ! गान्धर्व के विषय में जैसा भी मुझसे पूछा गया है वह मैं हे सुव्रता । यथातथ्य से अर्थात् बिल्कुल ठीक ठीक बतलाऊ गा ।।३५।। सात स्वर षड्जादि होते हैं, तीन ग्राम और इक्कीस मूर्च्छनाऐ होती हैं। उनचास ताल होते है—यह इतना स्वर मण्डल होता है ।।३६।। स्वरो के नाम—षड्ज—ऋषभ—गान्धार—मध्यम—पञ्चम धवत और निषाद ये सात हैं ।।३७।।

सौवीरी मध्यमग्रामो हरिणास्या तथव च।
स्यात्कलोपबलोपेता चतुर्थी शुद्धमध्यमा ।।३८
शार्ङ्गी च पावनी चव दृष्टाका च यथाक्रमम्।
मध्यमग्रामिका ख्याता षड्जग्राम निबोधत ।।३९
उत्तरमन्द्रा रजनी तथा या चोत्तरायता।
शुद्धषड जा तथा चव जानीयाद् सप्तमा च ताम् ।।४०
गान्धारग्रामिकाश्चान्यात् कीर्त्यमानात् निबोधत।
आग्निष्टोमिकमाद्यन्तु द्वितीय वाजपेयिकम् ।।४१
तृतीय पौण्ड्रक प्रोक्त चतुथ चाश्वमेधिकम्।
पञ्चम राजसूय च षष्ठ चक्रसुवर्णकम् ।।४२
सप्तम गोसव नाम महावृष्टिकमष्टमम्।
ब्रह्मदानञ्च नवम प्राजापत्यमनन्तरम् ।।४३
नागपक्षाश्रय विद्याद्गोतरञ्च तथव च।
हयक्रान्त मृगक्रान्त विष्णुक्रान्त मनोहरम् ।।४४

सूर्य्यक्रान्त वरेण्यश्च मत्तकोकिलवादिनम् ।
सावित्रमर्द्ध सावित्र सर्व्वतो मद्रमेव च ॥४५
सुवर्णश्च सुनन्दश्च विष्णुर्वैष्णुवरावुभौ ।
सागर विजयश्चैव सर्वभूतमनोहरम् ॥४६
हंस ज्येष्ठ विजानीमस्तुम्बुरुप्रियमेव च ।
मनोहरमथाव्यश्च गन्धर्वानुगतश्च य ॥४७
अलम्बुपेष्टश्च तथा नारदप्रिय एव च ।
कथितो भीमसेनेन नागराणा यथा प्रिय ॥४८
करोपनीत विनता श्रीराख्यो भार्गवप्रिय ।
निशतिर्मध्यमग्राम पड्जग्रामश्चतुर्द्दश ॥४९

सौवीरी–मध्यम ग्राम–हरिणास्या–कलोपवतोपेता–शुद्धमध्यमा चतुर्थी–शार्ङ्गी–पावनी–हृष्टाका य यथाक्रम मध्यम स्वर की ग्रामिका हैं और इन्ही नामो से प्रसिद्ध हैं। अब पड्ज ग्राम को समझलो ॥३८॥३९॥ उत्तर मन्द्रा–रजनी–उत्तरायता–शुद्धपड्जा और सप्तमा ये जाननी चाहिये ॥४०॥ अब बतलाई जाने वाली अन्य जो गान्धार की ग्रामिका है उन्हे समझ लेनी चाहिये। अग्निष्टोमिका प्रथम है और द्वितीय वाजपेयिक है। तीसरी पौण्ड्रक कही गई है। चौथी आश्वमेधिक है। पाँचवी राजसूय और छटी चक्र सुवर्णांक है। सातवी गोसव महावृष्टिक आठवी होती है। नवम ब्रह्मदान है इनके अनन्तर प्राजात्य है ॥४० ॥४१॥४२॥४३॥ नाग पक्षाश्रय–गोतर–हयक्रान्त–मनोहर–मृगक्रान्त–सूर्यक्रान्त–वरेण्य–मत्तकोकिल वादी–सावित्र–अर्द्ध सावित्र–सर्वतोभद्र–सुवर्ण–सुमन्द्र–विष्णु वैष्णुवर–सागर–विजय–सर्वभूत मनोहर–हंस को ज्येष्ठ जानते है–तुम्बुरुप्रिय–मनोहर–अथाव्य–गन्धर्वानुगत–अलम्बुपेष्ट नारद प्रिय–भीमसेन के द्वारा नागरो को प्रिय कही गई हैं—करोपनीत विनता–श्री–इस नाम वाली–भार्गव प्रिय–ये बीस मध्यम स्वर के ग्राम हैं। पड्ज के चौदह ग्राम है ॥४४॥४५॥ ४६॥४७॥४८॥४९॥

तथा पञ्चदशेच्छन्ति गान्धारग्रामसंस्थितान् ।
समोवीरा तु गान्धारी ब्रह्मणा ह्युपगीयते ॥५०

उत्तरादिस्वरस्यव ब्रह्मा च देवताऽत्र च ।
हरिदेशसमुत्पन्ना हरिणास्या व्यजायत ।
मूर्च्छना हरिणास्यव अस्या इन्द्रोऽधिदवतम् ॥५१
करोपनीतवितता मरुद्भि स्वरमण्डले ।
सा कालोपनता तस्मा मारुतश्चात्र दवतम् ॥५२
मनुदेशसमुत्पन्ना मूर्च्छना शुद्धमध्यमा ।
मध्यमोऽत्र स्वर शुद्धो ग धर्वश्चात्र देवता ॥५३
मृग सह सञ्चरते सिद्धाना मार्गदर्शने ।
यस्मात्तस्मात् स्मृता मार्गी मृगेन्द्रोऽस्याश्च देवता ५४
सा चाथममायुक्ता अनेकान् पौरवान् रवान् ।
मूर्च्छना योजना ह्य षा रजसा रजनी तत ॥५५
ताल उत्तरम द्राश षड जदवतका विदु ।
तस्मादुत्तरतालञ्च प्रथम स्वायत विदु ।
तस्मादुत्तरमन्द्रोऽय देवतास्य ध्रुवो ध्रुम ॥५६

इसी प्रकार से गान्धार स्वर के ग्राम सस्थित पन्द्रह चाहते हैं। सौवीरा–गान्धारी जो ब्रह्मा के द्वारा उपगीत हुआ करती है। उत्तरादि स्वर का यहाँ पर ब्रह्मा ही देवता होता है। हरिदेश समुत्पन्ना–हरिणास्या ही मूर्च्छना है और इन्द्र इसका अधिकारी देवता होता है ॥५ ॥५१॥ स्वरों के मण्डल में मरुतों के द्वारा करोपनीत वितता होती है। वह कलोपनता है इससे मारुत ही यहाँ पर अधिदेवत होता है ॥५२॥ मनु देश मे समुत्पन्न मूर्च्छना शुद्ध मध्यमा है। यहाँ मध्यम स्वर है और शुद्ध ग धर्व देवता है ॥५३॥ सिद्धों के मार्ग के दर्शन मे मृगों के साथ सञ्चरण करती है। इसी कारण से यह मार्गी कही गई है और इसका मृगेन्द्र देवता होता है ॥५४॥ और वह माथम ध समायुक्त होती है और अनेक पौरवो को रव वाले कर देती है। यह मूर्च्छना योजना है, रजसे रजनी होती है। ५५॥ इसका ताल उत्तर मन्द्राश होता है और इसको षडज देवता वाली जाननी चाहिये। इसस उत्तर ताल प्रथम स्वायत जान लव। इससे यह उत्तर मन्द्र है और इसका ध्रुव मिश्रित देवता है ॥५६॥

अपानादुत्तरत्वाच्च धैवतस्योत्तरायण ।
स्यादिय मूर्च्छना ह्येव पितर श्राद्धदेवता ॥५७
शुद्धषड्जस्वर कृत्वा यस्मादग्नि महर्षय ।
उपतिष्ठन्ति तस्मात्त जानीयाच्छुद्धषड्जिकम् ॥५८
य सता मूर्च्छना कृत्वा पञ्चमस्वरको भवेत् ।
पक्षीणा मूर्च्छना सा तु पाक्षिका मूर्च्छना स्मृता ॥५९
नागदृष्टिविषा गीता नोपसर्पन्ति मूर्च्छनाम् ।
भवन्तीव त्वना ह्येते ब्रह्मणा नागदेवता ।
अहीना मूर्च्छना ह्येषा वरुणश्चात्र देवता ॥६०
शकुन्तकाना कृत्वा च उपमा यान्ति किन्नरा ।
उत्तमा मूर्च्छना तस्मात् पक्षिराजोऽत्र देवता ॥६१
गान्धाररागशब्देन गा च धारयतेऽर्थत ।
तस्माद्विशुद्धगान्धारी गन्धर्वश्चाधिदैवतम् ॥६२

अपान और उत्तरतर होने से धैवत का उत्तरायण यह मूर्च्छना है । इस प्रकार से श्राद्ध देवता पितर होते हैं ॥५७॥ जिस कारण से महर्षिगण शुद्ध षड्ज स्वर को करके फिर अग्नि का उपस्थान किया करते है । इसलिये उसे शुद्ध षड्जिक जानना चाहिये । जो सत्पुरुषो की मूर्च्छना को करके पञ्चम स्वर होता है वह पक्षियो की मूर्च्छना है और वह पाक्षिका मूर्च्छना कही गई है ।५८। ॥५९॥ विषगीता नागदृष्टि मूर्च्छना का उपसर्पण नही करती है और ये नाग-देवता ब्रह्मा के द्वारा द्रुत होजाते हैं । यह अहियो अर्थात् नागो की मूर्च्छना होती है और वरुण यहाँ देवता है ॥६०॥ किन्नर पक्षियो की उपमा करके जाते हैं । इससे उत्तमा मूर्च्छना है और इसमे पक्षिराज यहाँ देवता है ॥६१॥ गान्धार राग के शब्द से गा को अर्थ से धारण करता है इससे वह विशुद्ध गान्धारी होता है और उसका गन्धर्व अधिदेवता होता है ॥६२॥

गान्धारानन्तर गत्वा सृष्टेय मूर्च्छना यत ।
तस्मादुत्तरगान्धारी वसवश्चात्र देवता ॥६३

सेय खलु महाभूता पितामहमुपस्थिता ।
षड जेय मूर्च्छना तस्मात् स्मृता ह्यनलदेवता ॥६४
दिव्येय चायता तेन मन्दवष्ठा च मूर्च्छने ।
निवृत्तगुणनामान पञ्चमञ्चात्र धैवतम् ॥६५
पूर्णा सप्त स्वरा ह्येव मूर्च्छना सप्रकीर्त्तिता ।
नानासाधारणाश्च व षडेवानुविदस्तथा ॥६६

जिससे गा धार के अनन्तर यह मूर्च्छना सृष्ट हुई उस कारण से उत्तर गा धारी हुई और यहाँ वसु अधिष्ठात्री देवता है ॥६३॥ वह यह महाभूता पिता मह को उपस्थित हुई यह षडज मूर्च्छना है और इससे यह अनल देवता वाली कही गइ है ॥६४॥ यह दिव्या और आयता है इससे मन्द षष्ठा मूर्च्छनायें पञ्चम और धवत की होती हैं जोकि निवृत्त गुण और नाम वाले है। इस प्रकार से सात स्वरो वाली पूर्ण मूर्च्छना कही गई है। यह अनेका और साधारण छ ही अनुविद होती हैं ॥६६॥

प्रकरण ५०--गीता लंकार निर्देश

पूर्व्वाधाय्यमत बुद्धा प्रवक्ष्याम्यनुपूर्व्वश ।
त्रिंशत व अलङ्कारास्तान् मे निगदत शृणु ॥१
अलङ्कारास्तु वक्तव्या स्व स्ववर्णं प्रहेतव ।
सस्थानयोगश्च तथा पादाना चान्ववेक्षया ॥२
वाक्यार्थपदयोगार्थं रलङ्कारस्य पूरणम् ।
पदानि गीतकस्याहु पुरस्तात् पृष्ठतोऽथवा ॥३
स्थानानि त्रीणि जानीयादुर कण्ठशिरस्तथा ।
एतेषु त्रिषु स्थानेषु प्रवृत्तो विधिरुत्तम ॥४
चत्वार प्रकृती वर्णा प्रविचारश्चतुर्विध ।
विकल्पमष्टधा चव देवा षोडशधा विदु ॥५

स्थायी वर्णं प्रसचारी तृतीयमवरोहणम् ।
आरोहणं चतुर्थन्तु वर्णं वर्णविदो विदु ॥६
तत्रैक सचरस्थायी सचरास्तचरीभवन् ।
अथ रोहणवर्णानामवरोह विनिर्दिशेत् ॥७

अब पूर्व मे हुए आचार्यों के मत को जानकर आनुपूर्वी के साथ तीन सौ अलङ्कारों को बतलाया जाता है। उन्हे बतलाने वाले मुझसे आप लोग भली भाँति जानकारी कर लेवें और श्रवण करे ॥१॥ अपने-अपने वर्णों से प्रकृष्ट हेतु वाले अलङ्कार सस्थान योगों से और पादों की अन्वेक्षा से कथन करने के योग्य होते हैं ॥२॥ वाक्य-अर्थ-पद और योगार्थो से अलङ्कार की पूर्णता होती है। पृष्ठ से और आगे गीतक के पद कहे गये हैं ॥३॥ स्थान उर स्थल-कण्ठ और शिर मे तीन जानने चाहिए। इन तीन स्थानो मे उत्तम विधि प्रवृत्त होती है ॥४॥ प्रकृति मे चार वर्ण और चार प्रकार का प्रविचार होता है। विकल्प आठ प्रकार के तथा देव सोलह प्रकार के जाने गये हैं ॥५॥ स्थायी-वर्ण प्रसचारी और तीसरा अवरोहण, चतुर्थ आरोहण वर्ण वर्णों के वेत्ता लोग जानते हैं ॥६॥ वहाँ एक सचरास्तचरी होता हुआ सचर स्थायी होता है। इसके अनन्तर रोहण वर्णों का अवरोहण विनिदिष्ट करना चाहिए ॥७॥

आरोहणेन चारोहवर्णं वर्णविदो विदु ।
एतेषामेव वर्णानामलङ्कारान्निबोधत ॥८
अलङ्कारास्तु चत्वार स्थापनी क्रमरेजित. ।
प्रमादश्चाप्रमादश्च तेषा वक्ष्यामि लक्षणम् ॥६
विस्वरोष्ट्रकलाश्चैव स्थानादेकान्तर गता ।
आवर्त्तस्याक्रमोत्पत्ती द्वे कार्य्ये परिमाणत ॥१०
कुमारमपर विद्याद्विस्तर वमन गतम् ।
एष वै चाप्यपाङ्गस्तु कुतारेकः कलाधिक ॥११
श्येनस्त्वेकान्तरे जात कलामात्रान्तरे स्थित ।
तस्मिश्चैव स्वरे वृद्धिस्त्रिश्रुते तद्विलक्षणा ॥१२

अथोविंशत्य शीतिस्तु तेषामेतद्विपर्यय ।
षड्जपक्षोऽपि तत्त्वादौ मध्यो हीनस्वरो भवेत् ॥२८

अलङ्कार का प्रयोजन चार प्रकार का जानना चाहिए जोकि संस्थान-प्रमाण-विकार और लक्षण होना है ॥२२॥ जिस प्रकार से अपने शरीर का अलङ्कार विपर्यस्त अर्थात् उल्टा-पल्टा हुआ अत्यन्त गर्हित अर्थात् बुरा हो जाता है। आत्म सम्भव होने से वर्णों को भी अलकृत करने में विषम हो जाता है ॥२३॥ अनेक प्रकार के आभरणों के योग से जिस तरह नारी का विभूषण हुआ करता है उसी प्रकार से वर्ण का भी अलङ्कार होता है और यह भी यदि विपर्यस्त होता है तो अत्यन्त गर्हित हो जाता है ॥२४॥ जिस तरह चरण मे कुण्डल कभी नही पहिने हुए देखे गये है और कभी कण्ठ मे रसना अर्थात् करधनी (कौंधनी) नही पहिनी जाया करती है। इसी तरह से विपरीत स्थिति मे रहने वाला अलङ्कार अत्यन्त बुरा हुआ करता है ॥२५॥ किया हुआ भी अलङ्कार जो राग को दिखा देवे यथोदिष्ट मार्ग वाले कर्त्तव्य के लिए जिसका विधान किया जाता है ॥२६॥ लक्षण-पयवस्था और वर्णिकाओ द्वारा प्रवर्त्तन मालोद्भूव और मुखोद्भूव ठीक-ठीक रूप से बतलाता हूँ ॥२७॥ उनका यह विपर्यय तेईस और अस्सी होता है। तत्त्व के आदि मे षड्ज पक्ष भी मध्य और हीन स्वर वाला हो जाता है ॥२८॥

षड्जमध्यमयोश्चैव ग्रामयो पर्ययस्तथा ।
मानोयोत्तरम द्रस्य षडेवानाविकस्य च ॥२९
स्वरालप्रत्ययश्चैव सर्व्वेषा प्रत्यय स्मृत ।
अनुगम्य बहिर्गीत विज्ञात पञ्चदवतम् ॥३०
गोरूपाणां पुरस्तात्तु मध्यमाशास्तु पर्य्यय ।
तयोर्विभागो गीताना लावण्यमाग्सस्थित ॥३१
अनुपङ्ग यथोद्दिष्ट स्वसारञ्च स्वरान्त भ् ।
पर्य्यय सप्रवर्त्तेत सप्तस्वरपञ्चकमम् ॥ २
गान्धारानन गीय ते चत्वारि मन्द्रकाणि च ।

पञ्चमो मध्यमश्चैव धैवते तु निपादजे ।
षडजपभैश्च जानीमो मन्द्रकेष्वेव नान्तरे ॥३३
द्वे चापरान्तिके विद्याद्वयशुल्लाष्टकस्य तु ।
प्राकृते वैणवैश्चैव गान्धाराशे प्रयुज्यते ॥३४
पदस्य तु त्रय रूप सप्तरूपन्तु कौशिकम् ।
गान्धाराशेन कात्स्न्येंन पर्ययस्य विधिः स्मृतः ।
एवञ्चैव क्रमोद्दिष्टो मध्यमाशस्य मध्यम ॥३५

षड्ज और मध्यम ग्रामो का पर्यय मानोयोत्तर मन्द्र का और आत्रा-विक का छै होता है ॥२९॥ स्वराल प्रत्यय सबका प्रत्यय कहा गया है। बहिर्गीत का अनुगमन करके पाँच देवता जाने गये हैं ॥३०॥ गोरूपों के पहिले मध्यमाश पर्यय होता है। उन दोनो का विभाग गीतो के लावण्य मार्ग मे सस्थित होता है ॥३१॥ मैंने स्वरान्तर स्वसार और अनुमङ्ग को उद्दिष्ट किया है। पर्यय सप्तस्वर पदक्रम को सप्रवर्तित होता है ॥३२॥ चार मन्द्रक गान्धा-राश से गाये जाते हैं। पञ्चम और मध्यम ही धैवत निपादज-षड्ज और ऋषभो से मन्द्रको ही मे जानते हैं, अनर मे नही ॥३३॥ और दो अपरान्तिक जानने चाहिए। हय शुल्लाष्टक का प्राकृत मे वैणवों से ही गान्धाराश मे प्रयोग किया जाता है ॥३४॥ पद के तीन रूप हैं और कौशिक सात रूप वाला होता है। पूर्ण गान्धाराश से पर्यय की विधि कही गई है। इसी प्रकार से क्रमोद्दिष्ट और मध्यमाश का मध्यम होता है ॥३५॥

यानि गीतानि प्रोक्तानि रूपेण तु विशेषत ।
तत्तु सप्तस्वर कार्य सप्तरूपञ्च कौशिकम् ॥३६
अङ्गदर्शनमित्याहुर्मांने द्वे समके तथा ।
द्वितीयभावाचरणा मात्रा नाभिप्रतिष्ठिता ॥३७
उत्तरे च प्रकरयेच मात्रा तल्लीयते तथा ।
हन्तार पिण्डको यत्र मात्राया नातिवर्त्तते ॥३८
पादेनैकेन मात्राया पादोनामति वीरणा ।
सख्यायाश्चोपहनन तत्र यानमिति स्मृतम् ॥३९

द्वितीय पादभङ्गश्च ग्रहेणाभिप्रतिष्ठितम् ।
पूर्व्वमष्टतृतीये तु द्वितीय चापरीतके ।।४०
अर्द्धेन पादसाम्यस्य पादभागाञ्च पञ्चके ।
पादभाग सपाद तु प्रकृत्यामपि सस्थितम् ।।४१
चतुर्थमुत्तरे चव मद्रवत्या च मद्रके ।
मद्रके दक्षिणस्यापि यथोक्ता वत्तते कला ।।४२

जो गीत विशेषता से रूप से कहे गये हैं वह तो सप्त स्वर करना चाहिए और कौशिक सप्त रूप करना चाहिये ।।३६।। सम दो मान अङ्गुदशन यह कहते है । द्वितीयभावावरण भाग अभिप्रतिष्ठिता नहीं है ।।३७।। और उत्तर में प्रकृति से ही इस तरह मात्रा तल्लीन होती है जहाँ पर हन्तार पिण्डक मात्रा में अति वृत्तन नहीं करता है ।।३८।। एक पाद से मात्रा म पादोनर मतिवीरुण्या है और सख्या का उपहनन होता है वहाँ पर यानम्—यह कहा गया है ।।३६।। द्वितीय पादभङ्ग है जो ग्रह से अभि प्रतिष्ठित होता है । अष्ट तृतीय मे तो पूर्व्व है और अपरीतक म द्वितीय है ।।४ ।। अर्द्ध से पाद साम्य का और पञ्चक मे पाद भाग से पाद भाग सपाद तो प्रकृति मे भी सस्थित होता है ।।४१।। उत्तर मे चतुर्थ और मद्रवती मे मद्रक और मद्रक से दक्षिण की भी यथोक्त कला होती है ।।४२।।

पूर्व्वमेवानुयोगन्तु द्वितीया बुद्धिरिष्यते ।
पादौ चाहरण चास्मत् पार नान विधीयते ।।४३
एकत्वमुपयोगस्य द्वयोर्यद्धि द्विजोत्तम ।
अनेकसमवायस्तु पताकाहरिण स्मृतम् ।।४४
तिसृणा चव वृत्तीना वृत्तौ वृत्ता च दक्षिणा ।
अष्टौ तु समवायास्ते सौवीरा मूर्च्छना तथा ।
कुद्यत्यनुत्तर सत्य सप्त स्वस्वर तु य ।।

पूर्व ही अनुयोग तो है द्वितीया बुद्धि इच्छित आहरण यहाँ पर अस्मद् पार बार का विधान नहीं है । सम । उपयोग का एकत्व और जो दोका है तथा

पताका हरिण कहा गया है ।।४४।। और तीन वृत्तियो का और वृत्ति मे दक्षिणा वृत्ता के आठ समवाय हैं और सौवीरा मुर्च्छना होती है । कुशरयमुत्तर जो सत्य सात सत्वस्वर होता है ।।४५।।

प्रकरण ५१—वैवस्वत मनु वंश वर्णन

ककुद्मिनस्तु त लोक रैवतस्य गतस्य ह ।
हताः पुण्यजनै सर्व्वा राक्षसै सा कुशस्थली ।।१
तद्वै भ्रातृशत तस्य धार्म्मिकस्य महात्मन ।
निवध्यमाना रक्षोभिर्दिशः सम्प्राद्रवन् भयात् ।।२
तेषान्तु ते भयाक्रान्ता क्षत्रियास्तत्र तत्र हि ।
अन्ववायस्तु सुमहान् महास्तत्र द्विजोत्तमा ।।३
प्रयता इति विख्याता दिक्षु सर्व्वासु धार्म्मिका. ।
धृष्टस्य धार्ष्टक क्षत्र रणधृष्ट वभूव ह ।।४
त्रिसाहस्रन्तु सगण क्षत्रियाणा महात्मनाम् ।
नभगस्य च दायादो नाभागो नाम वीर्यवान् ।।५
अम्बरीपस्तु नाभागिर्विरूपस्तस्य चात्मज ।
पृषदश्वो विरूपस्य तस्य पुत्रो रथीतर ।।६
एते क्षत्रप्रसूता वै पुनश्चाङ्गिरस स्मृता ।
रथीतराणा प्रवरा क्षात्रोपेता द्विजातय ।।७

श्री सूतजी ने कहा—ककुद्मी के उस लोक को रैवत के चले जाने से उसकी जो कुशस्थली थी वह सब पुण्यजनो राक्षसो के द्वारा हत होगई ।।१।। उसके जो सौ भाई थे जोकि बड़ा धर्म के मानने वाला और महान् आत्मा वाला था राक्षसो के द्वारा निवध्य मान होते हुए भय से दिशाओ मे भाग गये थे ।२। हे द्विजो मे उत्तम ! उनके भय से आक्रान्त वे क्षत्रिय वहाँ–वहाँ होगये और वह सुमहान् अन्ववाय महान् हो गया ।।३।। समस्त दिशाओ मे धार्मिक लोग प्रयता इस नाम से विख्यात हुए । धृष्टका रणभूमि मे उठने वाला धार्ष्टक

क्षत्रिय हुआ था ।।४।। महान् आत्मा वाले क्षत्रियों का सगण तीन हजार था। नभग के दाय का हकदार बड़ा पराक्रमी नाभाग नाम वाला हुआ ।।५।। नाभागि अम्बरीप हुआ और उसका पुत्र विरूप हुआ । विरूप का पुत्र पृपदश्व और उसका पुत्र रथीतर नाम वाला हुआ था ।।६।। ये सब क्षत्रियों की सतति आङ्गिरस कही गयी है । रथीतरो में जो प्रवर थे और क्षात्र धर्म से समन्वित थे वे द्विजाति थे ।।७।।

क्षवतस्तु मनो पूर्व्वमिक्ष्वाकुरभिनि सृत ।
तस्य पुत्रशत त्वासी दिक्ष्वाकोर्भू रिदक्षिणम् ।।८
तेषा ज्येष्ठो विकुक्षिश्च नेमिदण्डश्च ते त्रय ।
शकुनिप्रमुखास्तस्य पुत्रा पचाशतस्तु ते ।।९
उत्तरापथदेशस्य रक्षितारो महीक्षित ।
चत्वा रिशत्तथाष्टौ च दक्षिणस्याञ्च ते दिशि ।।१०
विंशतिप्रमुखास्ते तु दक्षिणापथरक्षिण ।
इक्ष्वाकुस्तु विकुक्षि व अष्टकायामथादिशेत् ।।११
मासमानय श्राद्धेय मृगान् हत्वा महाबल ।
श्राद्धमद्य नु कर्तव्यमष्टकाया न सशय ।।१२
स गतस्तु मृगव्या व वचनात्तस्य धीमत ।
मृगान् सहस्रशो हत्वा परिश्रान्तश्च वीयवान् ।
भक्षयच्छशकन्तत्र विकुक्षिमृ गयाकुल ।।१३
आगते स विकुक्षौ तु समासे सहसनिके ।
वसिष्ठश्चोदयामास मास प्रोक्षयतामिति ।।१४

मनु के पूर्व क्षुव से इक्ष्वाकु प्रभिनि सृत हुए । उस इक्ष्वाकु के सौ पुत्र थे जोकि भूरि दक्षिणा वाले थे ।।८।। उन एक शत पुत्रों में जो सबसे बड़ा पुत्र था उसका नाम विकुक्षि था और नेमिदण्ड ये वे तीन थे । उसके शकुनि जिनमे प्रधान था ऐसी रीति से पाँचसौ पुत्र हुए थे ।।९।। वे सब नृप उत्तरा पथ के रक्षा करने वाले थे । उनमे चालीस और आठ दक्षिण दिशा मे गये थे ।।१० ।। जिनमे विंशति सबमे प्रमुख थे ऐसे वे दक्षिणा पथ के रक्षा

वाले हुए थे। इक्ष्वाकु ने विकुक्षि को अष्टका मे आदेश दिया था ॥११॥ राजा बोले —हे महान् बल वाले ! जगल मे जाकर श्राद्ध करने के योग्य सामग्री लाना चाहिए। आज अष्टका मे श्राद्ध करना चाहिए। इसमें कुछ भी सशय नही है ॥१२॥ वह बुद्धिमान् इस वाक्य को ग्रहण कर वन मे जा पहुँचा। वह परम वीर्यवान् शिकार करते-करते परिश्रान्त होगया था। मृगया करने गये हुए विकुक्षि ने वहाँ पर कुछ आहार कर लिया था ॥१३॥ सैनिकों के सहित विकुक्षि के आने पर राजा ने वसिष्ठ जी को प्रेरित किया कि वे सामग्री का प्रोक्षण करें ॥१४॥

तथेति चोदितो राज्ञा विधिवत्समुपस्थित ।
स दृष्ट्वोपहत मास क्रुद्धो राजानमब्रवीत् ॥१५
शूद्रेणोपहत मास पुत्रेण तव पार्थिव ।
शशभक्षादभोज्य वै तव मास महाद्युते ॥१६
शशो दुरात्मना पूर्वमरण्ये भक्षितोऽनघ ।
तेन मासमिद दुष्ट पितृणा नृपसत्तम ॥१७
इक्ष्वाकुस्तु तत क्रुद्धो विकुक्षिमिदमब्रवीत् ।
पितृकर्मणि निर्दिष्टो मया त्व मृगयाङ्गत ।
शश भक्षयसेऽरण्ये निर्घृण पूर्व्वमद्य नु ॥१८
तस्मात्परित्यजामि त्वा गच्छ त्व स्वेन कर्म्मणा ।
एवमिक्ष्वाकुना त्यक्तो वसिष्ठवचनात् सुत ॥१९
इक्ष्वाकौ सस्थिते तस्मिञ्छशी स पृथिवीमिमाम् ।
प्राप्त परमधर्म्मात्मा स चायोध्याधिपोऽभवत् ॥२०
तदाकरोत्स राज्य वै वसिष्ठपरिनोदित ।
तत स्तेनेन सा पूर्णा राज्यावस्था महीपते ॥२१

राजा के द्वारा उस प्रकार प्रेरित वसिष्ठ मुनि विधिपूर्वक उपस्थित हुए। सामग्री को देखकर कुपित होते हुए राजा से कहा—॥१५॥ हे पार्थिव ! हे महान् द्युति वाले ! आपके पुत्र शूद्र ने सामग्री को उपहत कर दिया है। वनमे भक्षण कर लेने से यह सामग्री भोजन करने के योग्य नही है ॥१६॥ हे अनघ !

हे नृपो मे श्रद्ध ! इस दुरात्मा ने पहिले ही जगल मे आहार कर लिया है। इससे यह समस्त सामग्री दूषित होगयी है और पितरो के यो य नहीं रही है ॥१७॥ तब तो इक्ष्वाकु बहुत ही क्रुद्ध हुआ और विकुक्षि से बोला—मैंने तुझे पितृ-कम मे निर्दिष्ट किया था और तभी तू शिकार करने यहाँ से गया था। निघृ ण तूने आज पहिले ही जगल मे आहार कर लिया है ॥१८॥ इस कारण से मैं आज तेरा त्याग करता हूँ और त्याग तेरे ही अपने कम से किया जा रहा है। इस प्रकार से वह पुन वसिष्ठ के वचन से इक्ष्वाकु के द्वारा त्याग दिया गया था ॥१९॥ इस इक्ष्वाकु के संस्थित होने पर उस शशी ने इस पृथ्वी को प्राप्त किया और परम धर्मात्मा वह अयोध्या का स्वामी हुआ था ॥२ ॥ वसिष्ठ के द्वारा परिप्रेरित हुए उसने उस समय राज्य किया था। इसके अनन्तर राजा की वह राज्यावस्था स्तेन से पूर्ण हुई ॥२१॥

कालेन गतवास्तत्र स च न्यूनतराकृतिम् ।
ज्ञात्वैवमेतदाख्यान ना विधिभक्षयेत्तु व ॥२२
मास भक्षयितामुत्र यस्य मासमिहाद्म्यहम् ।
एतन्मासस्य मासत्व प्रवदन्ति मनीषिण ॥२३
शशादस्य तु दायाद ककुत्स्थो नाम वीर्यवान् ।
इन्द्रस्य वृषभूतस्य ककुत्स्थो जायते पुरा ॥२४
पूर्व्वमाडीवके युद्ध ककुत्स्थस्तेन स स्मृत ।
अनेनास्तु ककुत्स्थस्य पृथुरोमा च स स्मृत ॥२५॥
वृषदश्व पृथो पुत्रस्तस्माद ध्रस्तु वीर्यवान् ।
अ ध्रस्तु यवनाश्वस्तु श्रावस्तस्तस्य चात्मज ॥२६॥
जज्ञ श्रावस्तको राजा श्रावस्ती येन निर्मिता ।
श्रावस्तस्य तु दायादो बृहदश्वो महायशा ॥२७॥
वृहदश्वसुतश्चापि कुवलाश्व इति श्रु ति ।
य स धु धुवधाद्राजा धु धुमारत्वमागत ॥२८॥

काल के व्यतीत होने से वहाँ पर वह न्यूनतर गति को प्राप्त हुआ। इस प्रकार से इस आख्यान को जानकर बिना विधि के भक्षण नहीं करना चाहिये

॥२२॥ परलोक में माँस आदि के भक्षण करने वालों में जिसके मास को मैं यहाँ भक्षण करता हूँ। वह इसमें माँस को खायगा इस माँस का मासत्व मनीषीगण कहा करते हैं ॥२३॥ शशाद का दायाद (पुत्र) वीर्यवान् ककुत्स्थ हुआ। पहिले वृषभूत इन्द्र का ककुत्स्थ उत्पन्न होता है ॥२४॥ पहिले आडीवक युद्ध में उसके द्वारा वह ककुत्स्थ स्मरण किया गया था—अर्थात् कहा गया था। इसके द्वारा ककुत्स्थ के पृथुरोमा हुआ ॥२५॥ पृथु का पुत्र वृषदश्व और उससे वीर्यवान् अन्ध्र हुआ। उसके आन्ध्र–यवनरूप और श्रावस्त ये पुत्र हुए ॥२६॥ श्रावस्तक राजा हुआ जिसने श्रावस्ती नाम वाली पुरी का निर्माण किया था। श्रावस्त का दायाद महान् यश वाला बृहदश्व हुआ था ॥२७॥ बृहदश्व का पुत्र भी कुवलाश्व हुआ यह श्रुति है। जो वह राजा धुन्धु के वध से धुन्धु मारत्व को प्राप्त होगया था ॥२८॥

धुन्धुवध महाप्राज्ञ श्रोतुमिच्छामि विस्तरात्।
यदर्थं कुवलाश्व स धुन्धुमारत्वमागत ॥२९॥
बृहदश्वस्य पुत्राणा सहस्राण्येकविंशति।
सर्वे विद्यासु निष्णाता बलवन्तो दुरासदा ॥३०॥
बभूवुर्द्धार्मिका सर्वे यज्वानो भूरिदक्षिणा।
कुवलाश्व महावीर्यं शूरमुत्तमधार्मिकम् ॥३१॥
बृहदश्वोऽभ्यषिञ्चत्त तस्मिन् राष्ट्रे नराधिप।
पुत्रसक्रामितश्रीस्तु वन राजा विवेश ह ॥३२॥
बृहदश्व महाराज शूरमुत्तमधार्म्मिकम्।
प्रयात तमुत्तङ्कस्तु ब्रह्मर्षि प्रत्यवारयत् ॥३३॥
भवतो रक्षण कार्यं तत्तावत् कर्तुमर्हति।
निरुद्विग्नस्तप कर्तुं न हि शक्नोमि पार्थिव ॥३४॥
ममाश्रमसमीपेषु समेषु मरुधन्वसु।
समुद्रो वालुकापूर्णस्तत्र तिष्ठति भूपते ॥३५॥

ऋषियों ने कहा—हे महान् पण्डित ! हम धुन्धु के वध को सुनना चाहते हैं और विस्तारपूर्वक श्रवण करने की इच्छा करते हैं जिसके लिये वह

कुवलाश्व धुन्धु मारत्व को प्राप्त होगया था ।।२६।। श्री सूतजी ने कहा—बृहदश्व के एक बीस सहस्र पुत्र थे । वे सब विद्याओं में निष्णात बड़े ही बलवाले और दुरासद थे ।।३ ।। सब बहुत दक्षिणा वाले यज्वा परम धार्मिक हुए थे । बृहदश्व राजा ने महान् वीर्य वाले—शूरवीर—उत्तम धर्म के मानने वाले उस कुवलाश्व को उस राष्ट्र में राजा अभिषिक्त किया था । जब पुत्र ने समस्त राज्य भी प्राप्त करलीया था तब राजा ने वन में प्रवेश कर लिया था ।।३१ ३२।। उत्तम धार्मिक और शूर महाराज बृहदश्व को वन में प्रयाण करने वाले को ब्रह्मर्षि उत्तङ्क ने उसको रोका था ।।३३।। उत्तङ्क ने कहा—हे पार्थिव ! आपका रक्षा करना कार्य है आपको उसे करना चाहिये । मैं उद्वेग रहित होकर तप नहीं कर सकता हूँ ।।३४।। हे भूपते ! मेरे आश्रम के समीप सम मरुधन्वाओं में वालुका से परिपूर्ण समुद्र वहाँ पर स्थित रहता है ।।३५।।

देवतानामवध्यस्तु महाकायो महाबल ।
अन्तभू मि गतस्तत्र वालुकान्तर्हितो महान् ।।३६।।
स मनोस्तनय क्रूरो धुन्धुर्नाम सुदारुण ।
शत लोकविनाशाय तप आस्थाय दारुणम् ।।३७।।
सवत्सरस्य पयन्ते स नि श्वास प्रमुञ्चति ।
यदा तदा मही तत्र चलिता स्म सकानना ।।३८।।
तस्य नि श्वासवातेन रज उद्धूयते महत् ।
आदित्यपथमावृत्य सप्ताह भूमिकम्पनम् ।।३९
सविस्फुलिङ्ग सज्वाल सधूममतिदारुणम् ।
तेन राजन्न शक्नोमि तस्मिन् स्थातु स्व आश्रमे ।।४०
त वारय महाबाहो लोकाना हितकाम्यया ।
तेजस्ते सुमहाविष्णुस्तेजसाप्याययिष्यति ।।४१
लोका स्वस्था भवन्त्वद्य तस्मिन् विनिहतेऽसुरे ।
त्व हि तस्य वधायाद्य समर्थ पृथिवीपते ।।४२

वह महान् काया वाला और महान् बल वाला देवताओं का अवध्य है अर्थात् देवो के द्वारा वध करने के योग्य नहीं है । वह भूमि के अन्तगत वहाँ

बालुकाओं से छिपा हुआ रहता है ॥३६॥ वह मनुका पुत्र है, धुन्धु उसका नाम है और वह बड़ा दारुण है। वह शतलोकों के विनाश करने के लिये दारुण रूप में स्थित होकर रहता है ॥३७॥ वह सम्वत्सर पर्यन्त मे निःश्वास का मोचन किया करता है। जब वह अपना निःश्वास छोड़ता है तब यह समस्त भूमि वनो के सहित चलायमान होजाया करती है ॥३८॥ उसके निःश्वास की वायु से बहुत रज उठती है और सूर्य के मार्ग को आवृत करलेती है तथा सप्ताह तक भूमि का कम्पन हुआ करता है ॥३९॥ वह कम्पन भी सामान्य नहीं होता है उसमे स्फुलिङ्ग अर्थात् अग्निकरण होते हैं ज्वाला युक्त, धूम से समन्वित और अत्यन्त ही दारुण होता है। हे राजन्! इस कारण से उस अपने आश्रम मे मैं ठहर नहीं सकता हूँ ॥४०॥ हे महान् बाहुओं वाले! उसका निवारण करो और हमारे हितकी कामना से उसे हटाओ। आपका तेज महाविष्णु है आप तेजसे भी रोक देगे ॥४१॥ उस असुर के मृत होजाने पर आज लोक स्वस्थ होवें। हे पृथिवी के पति! आपही उसके वध करने मे समर्थ होते हैं ॥४२॥

विष्णुना च वरो दत्तो मम पूर्व्वं ततोऽनघ।
न हि धुन्धुर्महावीर्य्यस्तेजसाल्पेन शक्यते ॥४३
निर्द्दग्धु पृथिवीपाल अपि वर्षशतैरिह।
वीर्य्यं हि सुमहत्तस्य देवैरपि दुरासदम् ॥४४
एवमुक्तस्तु राजर्षिरुत्तङ्केन महात्मना।
कुवलाश्व सुत प्रादात्तस्मिन् धुन्धुनिवारणे ॥४५
राजा सन्यस्तशस्त्रोऽहमयन्तु तनयो मम।
भविष्यति द्विज श्रेष्ठ धुन्धुमारो न सशय ॥४६
स त व्यादिश्य तनयं धुन्धुमारणमुद्यतम्।
जगाम पर्व्वतायैव तपसे शसितव्रत ॥४७
कुवलाश्वस्तु धर्म्मात्मा पितृवचनमास्थित।
सहस्रै रेकविंशत्या पुत्राणां सह पार्थिव।
प्रायादुत्तङ्क सहितो धुन्धोस्तस्य निवारणे ॥४८

तमाविशत्ततो विष्णुभगवान् स्वेन तेजसा ।
उत्तङ्कस्य नियोगात्तु लोकाना हितकाम्यया ॥४९

हे अनघ ! विष्णु ने मुझे पहिले वरदान दिया था महान् वीय वाला धुन्धु अल्प तेज वाले किसी के भी द्वारा मारा नही जा सकता है ॥४३॥ हे पृथिवी पाल ! सौ वर्षों मे भी वह निदग्ध नही किया जा सकता है । उसका पराक्रम बहुत ही अधिक है जिसको कि देवगण भी सहन नही कर सकते हैं ॥४४॥ महात्मा उत्तङ्क के द्वारा इस प्रकार से कहने पर उस राजर्षि ने उस धुन्धु के हटाने के काय के लिये अपने पुत्र कुवलाश्व को दे दिया था ॥४५॥ मैं शस्त्र त्याग करने वाला होगया यह मेरा पुत्र राजा है। यह धुन्धु के मारने वाला होगा हे द्विज श्रेष्ठ ! इसमे कुछ भी सशय नही ह ॥४६॥ वह धुन्धु के मारण मे उद्यत उस पुत्र को आज्ञा देकर स्वय सशित व्रतवाला होते हुए तप करने के लिये पवत पर चला गया था ॥४७॥ धर्मात्मा कुवलाश्व पिता के वचनो मे प्रास्थित होकर एक विशति सहस्र पुत्रों के साथ वह राजा उत्तङ्क के साथ धुन्धु के निवारण करने के कार्य मे दिया था ॥४८॥ इसके पश्चात् भग वान् विष्णु ने तेज के द्वारा उत्तङ्क के नियोग से लोगो के हित की कामना से उसमे प्रवेश किया था ॥४९॥

तस्मिन् प्रयाते युद्धपे दिवि शब्दो महानभूत् ।
अद्यप्रभृत्येप नृपो धुन्धुमारो भविष्यति ॥५०
दिव्यै पुष्पैश्च त देवा सममसत अद्भुतम् ।
स गत्वा पुरुप व्याघ्रस्तनय सह वीर्यवान् ॥५१
समुद्र खनयामास वालुकार्णवमव्ययम् ।
नारायणेन राजर्षिस्तेसाप्यायितो हि स ॥५२
बभूवातिबलो भूय उत्तङ्कस्य वशे स्थित ।
तस्य पुत्रः खनद्भिश्च वालुकान्तर्हितस्तदा ॥५३
धुन्धुरासादितस्तत्र दिशमाश्रित्य पश्चिमाम् ।
मुखजेनाग्निना क्रुद्धो लोकानुद्वत्त र्यन्निव ॥५४

वारि शुश्राव योगेन महोदधिरिवोदये ।
सोमस्य सोमपश्रेष्ठ धारोर्मिकलिलो महान् ॥५५
तस्य पुत्रास्तु निर्दग्धास्त्रिभिरूनास्तु राक्षसा ।
तत स राजातिवलो धुन्धुवन्धुनिवर्हण ॥५६
तस्य वारिमय वेगमपिवत् स नराधिप ।
योगी योगेन वह्नि वा शमयामास वारिणा ॥५७
निरस्यत्त महाकाय वलेनोदकराक्षसम् ।
उत्तङ्क दर्शयामास कृतकर्म्मा नराधिप ॥५८

उस दुधर्ष के प्रयाण करने पर दिव मे एक महान् शब्द हुआ कि आज से लेकर यह राजा धुन्धु मार इस नाम से प्रथित हो जायगा । यह आकाशवाणी हुई थी ॥५०॥ देवगण ने दिव्य पुष्पो के द्वारा अति अद्भुत उसका समर्थन किया था और वह पुरुष व्याघ्र वीर्य वाला पुत्रो के साथ वहाँ गया था ॥५१॥ नारायण के तेज से आप्यायित उस राजर्षि ने वहाँ उस वालुकार्णव अव्यय समुद्र का खनन किया था ॥५२॥ वह अत्यन्त वलवान् राजा उत्तङ्क के वश मे स्थित हुआ था । उस समय खनन करने वाले उस राजा के पुत्रो ने वालुकाओं मे छिपा हुआ वह धुन्धु ग्रास कर लिया था जोकि पश्चिम दिशा में आश्रम बना कर मुख से उत्पन्न अग्नि से मानो लोको का उद्वर्तन करता हुआ था, बहुत ही क्रुद्ध हो रहा था ॥५३-५४॥ सोम के उदय मे समुद्र की भाँति योग से जल छोड़ा, हे सोम पान करने वालो मे श्रेष्ठ ! महान् धार की उर्मियो से कलिल होगया था ॥५५॥ उसके पुत्र निर्दग्ध हो गये थे, राक्षस तीन से कम थे, इसके अनन्तर धुन्धु के वधुओ का निर्वहण करने वाल अति वलवान् नराधिप ने उसके जलमय वेग को पी लिया था । योगी ने योग के द्वारा अग्नि का जल से शमन कर दिया था ॥५६-५७॥ वल से उदक राक्षस महान् काय वाले उसको निरस्त कर दिया और नराधिप ने अपना कार्य समाप्त कर उत्तङ्क को दिखला दिया था ॥५८॥

उत्त कश्च वर प्रादात्तस्मै राज्ञे महात्मने ।
अदात्तस्याक्षय वित्त शत्रुभिश्चाप्यधृष्यताम् ॥५९

धर्म्मे रतिश्च सततं स्वर्गे वास तथाक्षयम् ।
पुत्राणां चाक्षयाल्लोकान् स्वर्गे ये राक्षसा हृता ॥६०
तस्य पुत्रास्त्रय शिष्टा दृढाश्वो ज्येष्ठ उच्यते ।
भद्राश्व कपिलाश्वश्च कनीयासौ तु तौ स्मृतौ ॥६१
धौधुमारिर्दृढाश्वस्त हर्य्यश्वस्तस्य चात्मज ।
हर्यश्वस्य निकुम्भोऽभूत् क्षत्रधर्मरत सदा ॥६२
सहताश्वो निकुम्भस्य श्रुतो रणविशारद ।
कृशाश्वश्चाक्षयाश्वश्च सहताश्व सुतावुभौ ॥६३
तस्य पत्नी हैमवती सता मतिदृषद्वती ।
विख्याता त्रिषु लोकेषु पुत्रस्तस्या प्रसेनजित् ॥६४
युवनाश्व सुतस्तस्य त्रिषु लोकेष्वतिद्युति ।
अत्यन्तधार्मिको गौरी तस्य पत्नी पतिव्रता ॥६५
अभिशस्ता तु सा भर्त्रा नदी सा बाहुदा कृता ।
तस्यास्तु गौरिक पुत्रश्चक्रवर्त्ती बभूव ह ॥६६
मान्धाता यौवनाश्वो वै त्रैलोक्यविजयी नृप ।
अत्राप्युदाहरन्तीमौ श्लोकौ पौराणिका द्विजा ॥६७
यावत्सूर्य उदयति यावच्च प्रतितिष्ठति ।
सर्वं तद्यौवनाश्वस्य मान्धातु क्षेत्रमुच्यते ॥६८

उत्तङ्क ने उस महान् आत्मा वाले राजा को वरदान दिया था और उसे अक्षय धन तथा धुन्धु के द्वारा अधर्षित होने का भी वर दिया था ।५६। मुनि ने राजा को धर्म में प्रेम सदा स्वर्ग में निवास जोकि कभी क्षीण न हो पुत्रों को अक्षय लोक जोकि स्वर्ग में राक्षस हत हुए दिया था ॥६ ॥ उसके तीन पुत्र शेष रहे उनमें दृढाश्व कहा जाता है । भद्राश्व और कपिलाश्व दो छोटे कहे गये हैं ॥६१॥ दृढाश्व धौन्धुमारि था और उसका हर्यश्व हुआ था । हर्यश्व का क्षत्रधर्म मे रति रखने वाला निकुम्भ पुत्र हुआ था । ६१ ६२॥ निकुम्भ का रण विशारद परम पण्डित सहताश्व पुत्र हुआ था । सहताश्व के कृशाश्व और अक्षयाश्व ये दो पुत्र उत्पन्न हुए थे ॥६३॥ सत्पुरुषों की मति

दृपद्वती हैमवती ग्राम वाली उसकी पत्नी थी जो कि तीनो लोकों में परम विख्यात थी, उसका पुत्र प्रसेनजित् हुआ था ।।६४।। उसका पुत्र तीनों लोकों में अत्यन्त द्युतिवाला युवनाश्व हुआ था जोकि अत्यन्त धार्मिक था उसकी पतिव्रता पत्नी गौरी थी ।।६५।। वह उसके स्वामी के द्वारा अभिशप्त हुई और वह बाहुदा नदी कर दी गई थी। उसका पुत्र गौरिक चक्रवर्त्ती हुआ था ।।६६।। मान्धाता यौवनाश्व त्रैलोक्य के विनाश करने वाला राजा हुआ था। यहाँ पर भी पौराणिक द्विज दो श्लोकों को कहा करते हैं।६७। जब तक सूर्य उदित होता है और जब तक वह यहाँ प्रतिष्ठित रहता है, वह समस्त यौवनाश्व मान्धाता का क्षेत्र कहा जाता है ।।६८।।

अत्राप्युदाहरन्तीम श्लोक वंशविदो जना ।
यौवनाश्व महात्मान यज्वानममितौजसम् ।
मान्धाता तु तनुर्विष्णोः पुराणज्ञा प्रचक्षते ।।६९
तस्य चैत्ररथी भार्य्या शशबिन्दो सुताऽभवत् ।
साध्वी बिन्दुमती नाम रूपेणाप्रतिमा भुवि ।।७०
पतिव्रता च ज्येष्ठा च भ्रातृणामयुतस्य सा ।
तस्यामुत्पादयामास मान्धाता त्रीन् सुतान् प्रभु ।।७१
पुरुकुत्समम्बरीष मुचुकुन्दञ्च विश्रुतम् ।
अम्बरीषस्य दायादो युवनाश्वोऽपर स्मृत ।।७२
हरितो युवनाश्वस्य ह्यारिता शूरय स्मृता ।
एते ह्याङ्गिरस पुत्रा क्षात्रोपेता द्विजातय ।।७३
पुरुकुत्सस्य दायादस्त्रसदस्युर्महायशा ।
नर्मदाया समुत्पन्न सम्भूतस्तस्य चात्मज ।।७४
सम्भूतस्यात्मज पुत्रो ह्यनरण्य प्रतापवान् ।
रावणेन हतो येन त्रिलोकीविजये पुरा ।।७५

यहाँ पर वश के वेत्ताजन इस श्लोक को उदाहृत करते हैं। महान् आत्मा वाला—यज्वा—अमित ओजवाला यौवनाश्व को मान्धाता तो विष्णु का तनु या पुराणों के ज्ञाता ऐसा कहते हैं ।।६९।। उसकी चैत्ररथी भार्या हुई थी

जोकि शशविन्दु की पुत्री हुई थी। यह बहुत ही साध्वी थी और इसका नाम बिन्दुमती था तथा भू मण्डल मे रूप से यह अनुपम थी ॥७ ॥ यह परम पति व्रत धर्म वाली थी और अपने एक अयुत भाइयो मे सबसे ज्येष्ठ थी। उसमे प्रभु मान्धाता ने तीन पुत्रों को उत्पन्न किया था ॥७१॥ उनके नाम पुरुकुत्स-अम्बरीष और मुचुकुन्द प्रसिद्ध थे। अम्बरीष का दायाद अपर युवनाश्व कहा गया है ॥७२॥ युवनाश्व का हरित था जोकि हारित भूरि कहे गये हैं। वे अगिरा के पुत्र क्षात्र धर्म से युक्त एव द्विजाति थे ॥७३॥ पुरुकुत्स का दायाद महान् यश वाला त्रसद्दस्यु था। नर्मदा मे उसका पुत्र सम्भूत नाम वाला उत्पन्न हुआ था ॥७४॥ सम्भूत का पुत्र प्रताप से युक्त अनरण्य हुआ जिसको कि पहिले त्रिलोकी के विजय करने मे रावण ने मार दिया था ॥७५॥

त्रसदश्वोऽनरण्यस्य हर्यश्वस्तस्य चात्मज ।
हर्यश्वात्तु दृषद्वत्या जज्ञे वसुमतो नृप ॥७६
तस्य पुत्रोऽभवद्राजा त्रिधन्वा नाम धार्मिक ।
आसीत् त्रैधन्वनश्चापि विद्वास्त्रय्या रुणप्रभु ॥७७
तस्य सत्यव्रतो नाम कुमारोऽभू महाबल ।
तेन भार्या विदर्भस्य हृता हत्वा दिवौकस ॥७८
पाणिग्रहणमन्त्रेषु निष्ठा सम्प्रापितेष्विह ।
विष्णुवृद्ध सुतस्तस्य विष्णु वृद्धो यत स्मृत ।
एत ह्याङ्गिरस पुत्रा क्षात्रोपेता समाश्रिता ॥७९
कामाद्बलाच्च मोहाच्च स रपराबलेन च ।
भाविनोऽथन्या व बलात् तत्कृत तेन धीमता ॥८०
तमधर्मेण सयुक्त पिता त्रयोगुणोऽत्यजत् ।
अपध्वसेति बहुशोऽवदत् क्रोधसमन्वित ॥८१
पितर सोऽब्रवीत्क्व गच्छामीतिव मुहु ।
पिता चनमथोवाच श्वपाक सह वर्तय ॥८२
नाह पुत्रेण पुत्रार्थी त्वयाद्य कुलपासन ।
इत्युक्त स निराक्रामन्नगराद्वचनाद्विभो ॥८३

अनरण्य का पुत्र प्रसदश्व हुआ और उसका पुत्र हर्यश्व हुआ था। हर्यश्व से दृषद्वती मे वसुमत नृप ने जन्म ग्रहण किया था ॥७६॥ उसका पुत्र परमधार्मिक त्रिधन्वा नाम वाला राजा हुआ। त्रिधन्वा का त्रयी मे विद्वान् रण प्रभु पुत्र था ॥७७॥ उसका सत्य व्रत नाम वाला महा बलवान् कुमार हुआ। उसने देवो का हनन करके विदर्भ की भार्या का हरण किया था ॥७८॥ यहाँ पाणिग्रहण के मन्त्रो को निष्ठा सम्प्रापित होने पर उसका विष्णुवृद्ध पुत्र कहलाया गया है। ये सब अङ्गिरा के पुत्र थे जो कि क्षात्रधर्म से युक्त समाश्रित हुए थे ॥७६॥ कामसे—बलसे—मोहसे और सङ्घर्षण बल के द्वारा तथा होनेवाले अर्थ के बलसे उस बुद्धिमान् ने वह सब किया था ॥८०॥ त्रयीगुण पिता ने अधर्म से शयुक्त उमको त्याग दिया था और क्रोध से युक्त होते हुए 'अपध्वस'—अर्थात् चलाजा-ऐसा बहुत बार कहा ॥८१॥ उसने पिता से कहा—मैं कहाँ जाऊँ। इसके पश्चात् पिताने इससे कहा श्वपाको के साथ बरताव कर अर्थात् निवास करो ॥८२॥ हे कुलपासन ! मैं तुझ पुत्र से पुत्र का ग्रर्थी नही हूँ। हे विभो ! इस प्रकार से कहागया वह नगर से वचन मानकर निकल गया।८३।

न चैन धारयामास वसिष्ठो भगवानृषिः।
स तु सत्यव्रतो धीमाञ्छ्वपाकावसथान्तिकम्।
पित्रा मुक्तोऽवसद्वीर पिता चास्य वन ययौ ॥८४
तस्मिन्तु विषये तस्य नावर्षत् पाकशासन।
समा द्वादश सपूर्णास्तेनाधर्म्मेण वै तदा ॥८५
दारास्तु तस्य विषये विश्वामित्रो महातपा।
सन्यस्य सागरा नूपे चचार विपुल तप ॥८६
तस्य पत्नी गले बद्धा मध्यम पुत्रमौरसम्।
शिक्षया भरणार्थाय व्यक्रीणाद्गोशतेन वै ॥८७
त तु बद्ध गले दृष्ट्वा विक्रीत त नरोत्तम।
महर्षिपुत्र धर्म्मात्मा मोक्षयामास सुव्रत ॥८८
सत्यव्रतो महाबुद्धिर्भरण तस्य चाकरोत्।
विश्वामित्रस्य तुष्ट्यर्थमनुकम्पार्थमेव च ॥८९

मा नवद्गालवो नाम गले बद्धा महात्मा ।
महर्षि कौशिकस्तातस्तेन वार्येण मोक्षितः ॥६०

भगवान् वसिष्ठ ऋषि ने इसका आश्रय नहीं दिया और धीमान् वह सत्यव्रत पिता के द्वारा मुक्त किया गया। वीर श्वपाकों के घर के समीप में रहने लगा और इसका पिता वन में चला गया था ॥८४॥ उसके उस देश में इन्द्र ने वर्षा नहीं की और उस समय उस अधम से बारह वर्ष पूरे वर्षा नहीं हुई ॥८५॥ महान् तपस्वी विश्वामित्र ने उसके देश में स्त्री को छोड़ कर सागरानूप में बड़ा भारी तप किया था ॥८६॥ उसकी पत्नी ने मध्यम और अपने पुत्र को गले में बाँधकर भिक्षा से भरणार्थ के लिये सौ गौएँ बेच दिया था। नरों में श्रेष्ठ मुनि ने उसको गले में बँधा हुआ और विक्रीत देख कर उस महर्षि पुत्र को धर्मात्मा ने मुक्त करा दिया था ॥८७-८८॥ महान् बुद्धि वाले सत्य व्रतन उसका भरण किया था और यह विश्वामित्र के सन्तोष तथा अनुकम्पा के लिये ही किया था ॥ ८९॥ वह महा तपस्वी गले में बद्ध गालव नाम वाला हुआ था। महर्षि कौशिक उसके तात थे क्योंकि उसने पराक्रम से मुक्त कराया था ॥९०॥

तस्य व्रतेन भक्त्या च कृपया च प्रतिज्ञया।
विश्वामित्रकलत्रञ्च बभार विनये स्थितः ॥९१
हत्वा मृगान् वराहांश्च महिषांश्च वनचरान्।
विश्वामित्राश्रमाभ्याशे तन्मांसमपबन्धत ॥९२
उपांशुव्रतमास्थाय दीक्षां द्वादशवार्षिकीम्।
पितुर्नियोगादभजन्नृपे तु वनमास्थिते ॥९३
अयोध्याञ्चैव राज्यञ्च तथैवान्तःपुरं मुनिः।
याज्योपाध्यायसंयोगाद्वसिष्ठः परिरक्षितः ॥९४
सत्यव्रतस्तु बाल्यात्तु भाविनोऽर्थस्य वै बलात्।
वसिष्ठेऽभ्यधिकं मन्युं धारयामास मन्युना ॥९५
पित्रा त्वस्तेन राष्ट्रात् परित्यक्तं स्वमात्मजम्।
न वारयामास मुनिर्वसिष्ठः कारणेन वै ॥९६

उसके व्रत से–भक्ति से–कृपा से और प्रतिज्ञा से विनय में स्थित होकर विश्वामित्र की स्त्री का भरण किया था ॥९१॥ मृगों को वराहों को और वनमें विचरण करने वाले महिषों को मार कर विश्वामित्र के आश्रम के समीप मे उनके मास को पकाया था ॥९२॥ उपांशु व्रत में समास्थित होकर बारह वर्ष की दीक्षा को राजा के वनमें चले जाने पर पिता की आज्ञा से सेवन किया था ।९३। अयोध्या को–राज्य से तथा अन्तःपुर को याज्योपाध्याय से योग से मुनि वसिष्ठ ने परिरक्षित किया था ॥९४॥ सत्यव्रत ने बाल्याकाल से भावि अर्थ के बल से वसिष्ठ पर अत्यधिक क्रोध धारण किया था ॥९५॥ पिता के द्वारा रोते हुए उस समय राष्ट्र से परित्यक्त अपने आत्मज को मुनि वसिष्ठ ने कारण वश वारण नहीं किया था ॥९६॥

पाणिग्रहणमन्त्राणां निष्ठा स्यात् सप्तमे पदे ।
एवं सत्यव्रतस्तात् वै कृतवान् सप्तमे पदे ॥९७
जानन् धर्म्मान् वसिष्ठस्तु न च मन्त्रानिहेच्छति ।
इति सत्यव्रते रोषं वसिष्ठो मनसाकरोत् ॥९८
गुरुबुंद्धया तु भगवान् वसिष्ठः कृतवांस्तदा ।
न तु सत्यव्रतो बुद्धया उपांशुव्रतमस्य वै ॥९९
तस्मिश्चोपरते यो यत्पितुरासीन्महामना ।
तेन द्वादशवर्षाणि नावर्षत् पाकशासन ॥१००
तेन त्विदानी बहुधा दीक्षा तां दुर्बलां मुनि ।
कुलस्य निष्कृतिः स्वस्य कृतेयञ्च भवेदिति ॥१०१
ततो वसिष्ठो भगवान् पित्रा त्यक्तं न्यवारयत् ।
अभिषेक्ष्याम्यहं राज्ये पश्चादेनमिति प्रभुः ॥१०२
स तु द्वादशवर्षाणि दीक्षान्तामुद्वहन् बली ।
अविद्यमाने मासे तु वसिष्ठस्य महात्मन ॥१०३
सर्व्वकामदुघां धेनुं सददर्श नृपात्मज ।
तां वै क्रोधाच्च मोहाच्च श्रमाच्चैव क्षुधान्वितः ॥१०४

पाणिग्रहण के मन्त्रों की निष्ठा सप्तम पद में होती है। इसी प्रकार से

सत्यव्रत के सप्तम पद में उनको किया था ॥६७॥ वसिष्ठ मुनि धर्मों को जानते हुए वहाँ पर मन्त्रों को नहीं चाहते हैं। इसलिये वसिष्ठ ने सत्यव्रत पर मन से रोष किया था ॥६८॥ भगवान् वसिष्ठ ने उस समय बुद्धि से गुरु किया था। सत्यव्रत ने इसकी बुद्धि से उपांशुव्रत नहीं किया था ॥६६॥ उसके उपरत होने पर जो जिसके पिता का महामना था उससे इन्द्रदेव बारह वर्ष तक नहीं बरसे थे ॥१ ॥ इससे इस समय प्राय उस दुर्बल दीक्षा को भूमि पर कुलकी और अपनी निष्कृति यह की हुई होनी चाहिए ॥१०१॥ इसके पश्चात् भगवान् वसिष्ठ ने पिता के द्वारा त्यक्त को निवारण किया था और प्रभु ने पीछे मे इसको राज्यासन पर अभिषिक्त करूगा–कहा—।१ २॥ वही उसने द्वादश वर्ष तक दीक्षान्त्रा को उद्वहन करते हुए महात्मा वसिष्ठ के मास के अविद्यमान होने पर नृपात्मज ने समस्त कामनाओं के दोहन करने वाली धेनु को देखा था और उसको देखकर क्रोधसे–मोहसे और श्रमसे क्षुधा से युक्त हुआ ॥१ ४॥

दस्युधर्म्म मतो दृष्ट्वा जघान बलिना वर ।
स तु मास स्वय चैव विश्वामित्रस्य चात्मजान् १०५
भोजयामास तच्छ्रुत्वा वसिष्ठस्त तदात्यजत् ।
प्रोवाच चव भगवान् वसिष्ठस्त नृपात्मजम् ॥१०६
पातये क्र र हे क्रू र तव शकुमयोमयम् ।
यदि ते त्रीणि शकूनि न स्युर्हि पुरुषाधम ॥१०७
पितुश्चापरितोषेण गुरोर्दोग्ध्रीवधेन च ।
अप्रोक्षितोपयोगाच्च त्रिविधस्ते व्यतिक्रम ॥१ ८
एव स त्रीणि शकूनि दृष्ट्वा तस्य महातपा ।
त्रिशकुरिति होवाच त्रिशकुस्तेन स स्मृत ॥१०९
विश्वामित्रस्तु दाराणामागतो भरणे कृते ।
ततस्तस्म वर प्रादात्तदा प्रीतस्त्रिशङ्कवे ॥११

बलियो म श्रेष्ठ न देखकर दस्यु के धम को प्राप्त हुए धेनु हनन किया और उसने स्वय मांस को विश्वामित्र के आत्मजो को खिलाया था। यह श्रवण करके वसिष्ठ ने उसे उसी समय त्याग दिया था और भगवान् उस नृप के

आत्मज से बोले ॥१०५-१०६॥ हे क्रूर ! हे पुरुषों में अधम ! यदि तुझे तीन शकु नहीं हो तो तुझे शकुमय भय में पातन करता हूँ ॥१०७॥ पिता के अपरितोष होने से—गुरु की दोग्ध्री धेनु के वध करने से और अप्रोक्षित के उपयोग से तेरा तीन प्रकार का व्यतिक्रम है ॥१०८॥ इस प्रकार से उसके तीन शकुओं को देखकर महातपस्वी उसे त्रिशकु इस नाम से बोले और इससे वह त्रिशकु कहा गया है ॥१०९॥ आये हुए विश्वामित्र ने दाराओं के भरण करने पर तब त्रिशकु स प्रसन्न होते हुए उसे वरदान दिया था ॥११०॥

छन्द्यमानो वरेणाथ गुरु ब्रवे नृपात्मज ।
अनावृष्टिभये तस्मिन् गते द्वादशवार्षिके ॥१११
अभिषिच्य राज्ये पित्र्ये याजयामास त मुनि ।
मिषता दैवतानाञ्च वसिष्ठस्य च कौशिक ।
सशरीर तदा त वै दिवमारोपयत् प्रभु ॥११२
मिषतस्तु वसिष्ठस्य तदद्भुतमिवाभवत् ।
अत्राप्युदाहरन्तीमौ श्लोकौ पौराणिका जना ॥११३
विश्वामित्रप्रसादेन त्रिशकुर्दिवि राजते ।
देवै सार्द्ध महातेजानुग्रहात्तस्य धीमत ॥११४
शनैर्यात्यबला रम्या हेमन्ते चन्द्रमण्डिता ।
अलकृता त्रिभिर्भावैस्त्रिशकुग्रहभूषिता ॥११५
तस्य सत्यरता नाम भार्या केकयवशजा ।
कुमार जनयामास हरिश्चन्द्रमकल्मषम् ॥११६

बारह वर्ष के अनावृष्टि के भय के चले जाने पर वर से छन्द्यमान होते हुए नृपात्मज गुरु से बोला ॥१११॥ पिता के राज्य पर अभिषेक करके कौशिक मुनि ने मिष होने वाले देवताओं के और वसिष्ठ के लिये यजन कराया था। तब प्रभु विश्वामित्र ने उस त्रिशकु को शरीर के सहित स्वर्ग में आरोपित कराया था ॥११२॥ मिष होते हुए वसिष्ठ को वह एक अद्भुत कार्य जैसा हुआ था। यहाँ पर भी पौराणिक पुरुष इन दो श्लोकों को उदाहृत किया करते हैं ॥११३॥ विश्वामित्र मुनि के प्रसाद से त्रिशकु स्वर्ग में शोभा देता है। परम

श्रीमान् उसके अनुग्रह से जोकि महान् तेज से युक्त है वह त्रिशंकु देवी के साथ स्वर्ग मे विराजमान होता है ॥११४॥ त्रिशंकु ग्रह से भूषित तीन भावों से बल कुल चन्द्र से मण्डित रम्य अबला हेमन्त मे शन जान जाती है ॥११५॥ उसकी सत्य मे रत रहने वाली अर्थात् सत्यरता इस नाम वाली भार्या जोकि कैकय के वंश मे जन्मी थी उसने कल्मष से रहित हरिश्चन्द्र कुमार को जन्म दिया था ॥११६॥

स तु राजा हरिश्चन्द्रस्त्रैशङ्कव इति श्रुत ।
आहर्त्ता राजसूयस्य सम्राडिति परिश्रुत ॥११७
हरिश्चन्द्रस्य तु सुतो रोहितो नाम वीर्य्यवान् ।
हरितो रोहितस्याथ चञ्चुर्हारीत उच्यते ॥११८
विजयश्च सुदेवश्च चञ्चुपुत्रौ बभूवतु ।
जेता सर्व्वस्य क्षत्रस्य विजयस्तेन स स्मृत ॥११९
रुरुकस्तनयस्तत्र राजा धर्म्मार्थकोविद ।
रुरुकाद्धृतक पुत्रस्तस्मा द्वाहुश्च जज्ञिवान् ॥१२०
हैहयस्तालजङ्घ श्च निरस्तो व्यसनी नृप- ।
शकयवनकाम्बोज पारद पह्लवस्तथा ॥१२१
नात्यथ धर्म्मिकोऽभूत् स धर्म्म्ये सत्ययुगे तथा ।
सगरस्तु सुतो बाहोजज्ञ सह गरेण वै ।
भृगोराश्रममासाद्य तुर्वेण परिरक्षित ॥१२२
आग्नेय मस्त्र लब्ध्वा तु भार्गवात् सगरो नृप ।
जघान पृथिवीं कृत्वा तालजङ्घान् सहैहयान् ॥१२३

वह राजा हरिश्चन्द्र त्रैशङ्कव इस नाम से प्रसिद्ध हुआ था। वह राजसूय का आहरण करने वाला तथा सम्राट् परिश्रुत हुआ था ॥११७॥ सम्राट् हरिश्चन्द्र का पुत्र वीर्यवान् रोहित नाम वाला था। रोहित का हरित था कि चञ्चुहारीत कहा जाता है ॥११८॥ चञ्चु हारीत के विजय और सुदेव दो पुत्र हुए थे। समस्त क्षत्रियों को वह जीतने वाला था इसलिए वह विजय कहा गया है ॥११९॥ वहाँ रुरुक पुत्र हुआ जोकि धर्म और अर्थ का पण्डित राजा था। रुरुक से

हृतक पुन हुआ और उससे बाहु उत्पन्न हुआ ।।१२०।। वह व्यसनी राजा हैहय–तालजङ्घ–शक–यवन–काम्बोज–पारद और पह्लवो के द्वारा निरस्त किया गया था ।।१२१।। वह अत्यन्त धार्मिक उस धर्म युक्त सत्य युग मे नही हुआ था। बाहु का पुत्र सगर गरके साथ उत्पन्न हुआ था। भृगु के आश्रम मे पहुच कर तन के द्वारा परिरक्षित हुआ था ।।१२२।। उस सागर नृप ने भार्गव से आग्नेय अस्त्र को प्राप्त कर पृथ्वी पर जाकर उसने तालजङ्घों को हैहयो का हनन किया था ।।१२३।।

शकाना पह्लवानाञ्च धर्म्मान्निरसदच्युत ।
क्षत्रियाणा तथा तेपा पारदानाञ्च धर्म्मवित् ।।१२४
कथ स सगरो राजा गरेण सह जज्ञिवान् ।
किमर्थञ्च शकादीना क्षत्रियाणा महौजसाम् ।
धर्म्मान् कुलोचितान् क्रुद्धो राजा निरसदच्युत ।।१२५
बाहोर्व्यसनिनस्तस्य हृत राज्य पुरा किल ।
हैहयैस्तालजघैश्च शकै सार्द्धं समागतै ।।१२६
यवना पारदाश्चैव काम्बोजा पह्लवास्तथा ।
हैहयार्थ पराक्रान्ता एते पञ्चगणास्तदा ।।१२७
हृत राज्य बलीयोभिरेभिः क्षत्रियपुङ्गवै ।
हृतराज्यस्तदा बाहु सन्यस्य नु तदा नृप ।
वन प्रविश्य धर्म्मात्मा सह पत्न्या तपोऽचरत् ।।१२८
कस्यचित्त्वथ कालस्य तोयार्थ प्रस्थितो नृप ।
वृद्धत्वाद् दुर्बलत्वाच्च अन्तरा स ममार च ।।१२९
पत्नी तु यादवी तस्य सगर्भा पृष्ठतोऽन्वगात् ।
सपत्न्या तु गरस्तस्यै दत्तो गर्भजिघासया ।।१३०

अच्युत ने शको को तथा पह्नवो को धर्म्म से निरस्त कर दिया था। धर्म के ज्ञाता ने इसी प्रकार उन क्षत्रिय पारदो को भी कर दिया था ।।१२४।। ऋषियो ने कहा—वह सगर राजा गर के साथ किस तरह उत्पन्न हुआ था ? और किसलिये शकादि क्षत्रिय जो महान् ओज वाले थे, अच्युत राजा ने क्रुद्ध

होकर कुलोचितो को धर्मो को निरस्त किया था ॥१२५॥ श्री सूतजी ने कहा—पहिले समय में व्यसन वाले वह बाहु जिस का सम्पूर्ण राज्य हरण कर लिया था और उसके हरण वाले शब्दो के साथ आये हुए हैहय और तालजङ्घ थे। ॥१२६॥ यवन-पारद-काम्बोज और पह्लव ये पाँच गण उसम खूब अधिक बल वालो के द्वारा उसके राज्य का हरण किया गया था। जब उस समय वह राज्य हीन होगया तो वह बाहु राजा सन्यास ग्रहण करके वन म प्रविष्ट होगया और धर्मात्मा उसने अपनी पत्नी के साथ तपश्चर्या की थी ॥१२८॥ किसी काल के बल के लिये राजा ने प्रस्थान किया था किन्तु वह वृद्ध होने के तथा दुर्बल होने के कारण से बीच म मर गया था ॥१२६॥ उसकी पत्नी यादवी गर्भ से युक्त थी ह भी उसके पीछे से गई थी। उसकी सपत्नी ने गर्भ के मारने की इच्छा से उसे गर दे दिया था ॥१३ ॥

सा तु भर्तुश्चितां कृत्वा वह्नौ तं समरोहयत् ।
और्वस्ता भार्गवो दृष्ट्वा कारुण्याद्विन्यवर्त्तयत् ॥१३१
तस्याश्रमे तु तद्गर्भ सा गरेण तदा सह ।
व्यजायत महाबाहु सगर नाम धार्मिकम् ॥१३२
और्वस्तु जातकर्मादीन् कृत्वा तस्य महात्मन ।
अध्याप्य वेदशास्त्राणि ततोऽस्त्रं प्रत्यपादयत् ॥१३३
जामदग्न्यात्तदाग्नेयममरैरपि दुःसहम् ।
स तेनास्त्रबलेनैव बलेन च समन्वित ।
जघान हैहयान् क्रुद्धो रुद्र पशुगणानिव ॥१३४
ततः शकान् सयवनान् काम्बोजान् पारदांस्तथा ।
पह्लवांश्च व ति शपान् कर्तु व्यवसितो नृप ॥१३५
ते वध्यमाना वीरेण सगरेण महात्मना ।
वसिष्ठ शरण सर्वे प्रपन्ना शरणैषिण ॥१३६
वसिष्ठस्तान् तथेत्युक्त्वा समयेन महामुनि ।
सगर वारयामास तेषां दत्त्वाऽभयं तदा ॥१३७

उस यादवी न अपन स्वामी की चिता बनाकर अग्नि मे उसके साथ

रामारूढ़ होगयी थी। और्व भार्गव ने उसे देखकर करुणा से उसे निवारण किया था ॥१३१॥ उसके आश्रम में उस समय उसने उस गर्भ को गर (विष) के साथ महान् बाहुओं वाले परम धार्मिक सगर नाम वाले को जन्म दिया था ॥१३२॥ और्व ने उस महात्मा के जात कर्मादि संस्कारों को करके फिर वेद शास्त्रों को पढ़ाया और इसके अनन्तर अस्त्रों की विद्या सिखाकर अस्त्र दिये ॥१३३॥ जामदग्न्य से वह आग्नेय अस्त्र प्राप्त किया जाकि असुरों को भी दुःसह था। उसने उस अस्त्र के बल से ही तथा बल से समन्वित होते हुए अत्यन्त क्रुद्ध होकर जैसे रुद्र पशुगणों का हनन करते हैं उसी भाँति उसने हैहयों का वध कर दिया ॥१३४॥ इसके अनन्तर शकों को—यवनों को—काम्बोजों को—पारदों को तथा पह्लवों को सबको निःशेष करने का राजा ने स्थिर कर लिया था ॥१३५॥ वीर और महान् आत्मा वाले सगर के द्वारा वध्यमान वे सब शरण की इच्छा वाले होते हुए वसिष्ठ मुनि की शरणागति में उपस्थित होगये थे ॥१३६॥ वसिष्ठ मुनि ने उनको 'तुम्हारी रक्षा होगी' तथास्तु यह कहकर महामुनि ने प्रतिज्ञा की और उन सबको अभय दान देकर सगर को वध करने से वारण कर दिया था ॥१३७॥

सगरः स्वाम्प्रतिज्ञाञ्च गुरोर्वाक्यं निशम्य च।
धर्म्मं जघान तेषां वै वेषान्यत्वं चकार ह ॥१३८
अर्द्धं शकानां शिरसो मुण्डयित्वा व्यसर्जयत्।
यवनानां शिरः सर्वं काम्बोजानान्तथैव ॥१३९
पारदा मुक्तकेशाश्च पह्लवाः श्मश्रुधारिणः।
निःस्वाध्यायवषट्कारा कृतास्तेन महात्मना ॥१४०
शका यवनकाम्बोजा पह्लवा पारदैः सह।
केलिस्पर्शा माहिषिका दार्वाश्चोला खसास्तथा ॥१४१
सर्व्वे ते क्षत्रियगणा धर्म्मस्तेषां निराकृतः।
वसिष्ठवचनात्पूर्वं सगरेण महात्मना ॥१४२
स धर्मविजयी राजा विजित्येमां वसुन्धराम्।
अश्वं विचारयामास वाजिमेधाय दीक्षितः ॥१४३

तस्य चारयत सोऽश्व समुद्र पूर्वदक्षिणे ।
वेलासमीपेऽपहृतो भूमिञ्च व प्रवेशित ॥१४४

सगर ने अपनी प्रतिज्ञा को और गुरू के वाक्य को श्रवण कर उनके धम का हनन किया और वेषान्यत्व किया था ॥१३८॥ शक जाति वालो का आधा शिर मुड़वा कर उन्हे छोड़ दिया—यवन जाति वालो का समस्त शिर मुड़वा दिया और काम्बोजो को भी ऐसा ही किया था ॥१३६॥ पारदो को मुक्त केश और पह्लवो को श्मश्रुधारी स्वाध्याय से हीन तथा वषट्कार से रहित उस महात्मा ने कर दिया था ॥१४ ॥ शक-यवन काम्बोज-पह्लव पारद-कोलिसर्प माहिषिक-दाव-चोल और खस मे समस्त क्षत्रियो के जो गण थे इन सबका वसिष्ठ मुनि के वचन से महात्मा सगर ने धम निराकृत कर दिया था ॥१४१॥ ॥१४२॥ उस धर्म से विजय प्राप्त करने वाले राजा सगरने इस समस्त भूमण्डल को जीत कर वाजिमेध यज्ञ के करने के लिये दीक्षित होते हुए उसने यज्ञ के अश्व को विचरण कराया था ॥१४३॥ उसका घुमाया जाने वाला वह अश्वमेध यज्ञ का घोड़ा पूर्व दक्षिण समुद्र पर वेला के समीप मे अपहरण किया गया था और उसे अपहृत करके भूमि के अन्दर प्रवेशित कर दिया गया था ॥१४४॥

स त देश सुत सर्वं खनयामास पार्थिव ।
आसेदुश्च ततस्तस्मिस्तदन्तस्ते महार्णवे ॥१४५
तमादिपुरुष देव हरिं कृष्ण प्रजापतिम् ।
विष्णु कपिलरूपेण हस नारायण प्रभुम् ॥१४६
तस्य चक्षु समासाद्य तेजस्तत् प्रतिपद्यते ।
दग्धा पुत्रास्तदा सर्वे चत्वारस्त्ववशेषिता ॥१४७
बर्हिकेतु सकेतुश्च तथा धर्म्मरतस्तथ ।
शूर पञ्चवनश्च व तस्य वशकरा प्रभो ॥१४८
प्रादाच्च तस्य भगवान् हरिर्नारायणो वरान् ।
अक्षयत्व स्ववशस्य वाजिमेधशत तथा ।
विभु पुत्र समुद्रञ्च स्वर्गे व स तथाक्षयम् ॥१४६

स समुद्रोऽश्वमादायव वन्दे (?) सरितापति ।
सागरत्व च लेभे स कर्मणा तेन तस्य वै ॥१५०
त चाश्वमेधिक सोऽश्व समुद्रात् प्राप्य पार्थिव ।
आजहाराश्वमेधाना शत चैव पुन पुन ॥१५१

सम्राट् सगर ने उसी स्थान को पुत्रो के द्वारा जो कि सख्या मे साठ हजार थे खुदवाया था। इसके अनन्तर उस स्थान मे उसके नीचे महार्णव मे उन्होने देखा कि वहाँ आदि पुरुष हरि–कृष्ण–प्रजापति–विष्णु–हस–प्रभु नारायण कपिल मुनि के स्वरूप से स्थित हैं ॥१४५-१४६॥ उनके नेत्र के सामने प्राप्त होते ही उसका तेज ऐसा तीव्र था कि उसी समय वे सब जलकर दग्ध एव भस्मी भूत होगये थे केवल चारही अवशिष्ट बचे थे ॥१४७॥ जो चार बचगये थे वे वर्हिकेतु–सकेतु–धर्मरत ये तीन थे और शूर पञ्चवन था जो कि उसके वश के करने वाले थे ॥१४८॥ भगवान् हरि नारायण ने उसको वरदान दिया था कि अपने वश का अक्षयत्व–सौ–वाजिमेध–विभु पुत्र और समुद्र तथा स्वर्ग मे अक्षीण निवास हो ॥१४९॥ वह नदियो का पति समुद्र अश्व को लेकर आया और वन्दना की। उस कर्म से उसने सागरत्व की प्राप्ति की थी ॥१५०॥ उस राजा ने समुद्र से उस आश्वमेधिक अश्व की प्राप्ति कर फिर बार-बार सौ अश्वमेध यज्ञ किये थे ॥१५१॥

षष्टिपुत्रसहस्राणि दग्धान्यश्वानुसारिणाम् ।
तेषा नारायण तेज प्रविष्टाना महात्मनाम् ।
पुत्राणान्तु सहस्राणि षष्टिस्तु इति न श्रुतम् ॥१५२
सगरस्यात्मजा राज्ञ कथ जाता महाबला ।
विक्रान्ता षष्टिसाहस्रा विधिना केन वा वद ॥१५३
द्वे पत्न्यौ सगरस्यास्ता तपसा दग्धकिल्बिषे ।
ज्येष्ठा विदर्भदुहिता केशिनी नाम नामत ॥१५४
कनीयसी तु या तस्य पत्नी परमधर्मिणी ।
अरिष्टनेमिदुहिता रूपेणाप्रतिमा भुवि ॥१५५

श्रौवस्ताभ्या वर प्रादात् तपसाराधित प्रभु ।
एका जनिष्यते पुत्र वंशकर्त्तारमीप्सितम् ।
षष्टिपुत्र सहस्राणि द्वितीया जनयिष्यति ॥१५६
मुनेस्तु वचन श्रुत्वा केशिनी पुत्रमेककम् ।
वंशस्य कारण श्रेष्ठा जग्राह नृपसंसदि ॥१५७
षष्टिपुत्रसहस्राणि सुपर्णभगिनी तथा ।
महात्मनस्तु जग्राह सुमति स्वमतिर्यथा ॥१५८

उस अश्वमेध यज्ञ के अश्व के पीछे अनुसरण करने वाले उस राजा के साठ सहस्र पुत्र दग्ध होगये और उन महात्माओ मे नारायण के तेज ने प्रवेश किया था । वे पुत्र साठ हजार थे ऐसा हमने सुना है ॥१५२॥ ऋषियो ने कहा—राजा सगर के महान् बलवाले परम विक्रान्त साठ सहस्र किस विधि से उत्पन्न हुए थे कृपा करके यह हम बतलाइये ॥१५३॥ श्री सूतजी ने कहा—राजा सगर की तपस्या से पापो को दग्ध करने वाली दो पत्नियाँ थी । उनमे जो ज्येष्ठ थी वह विदर्भ की पुत्री नाम से केशिनी थी ॥१५४॥ छोटी जो उस राजा सगर की पत्नी थी वह बहुत ही अधिक धर्म वाली थी और अरिष्ट नेमि की पुत्री थी जो कि इस भूमि मे अत्यन्त अप्रतिम रूप-सौन्दर्य से युक्त थी ॥१५५॥ तप से आराधना किये हुए प्रभु और्व ने उन दोनो को वरदान दिया था कि उनमे से एक तो वंश के चलाने वाला अभीष्ट पुत्र जनेगी और दूसरी साठ हजार पुत्रो को जनन देगी ॥१५६॥ केशिनी ने मुनि के वचन को सुनकर जो कि एक पुत्र वंश चलाने वाला बताया था उसी वरदान को नृप ससद मे उसने स्वीकार कर लिया था ॥१५७॥ सुपर्ण की भगिनी ने जमी अच्छी अपनी मति थी उसके अनुसार महात्मा के साठ सहस्र पुत्रो वाले वरदान को ग्रहण किया था ॥१५८॥

अथ काले गते ज्येष्ठा ज्येष्ठ पुत्र व्यजायत ।
असमञ्ज इति ख्यात काकुत्स्थ सगरात्मजम् ॥१५९
सुमतिस्त्वपि जज्ञ व गर्भतुम्ब यशस्विनी ।
षष्टिपुत्रसहस्राणि तुम्बमध्याद्विनि सृता ॥१६०

घृतपूर्णेषु कुम्भेषु तान् गर्भान् न्यदधत्तत ।
धात्रीश्चैकैकश प्रादात् तावती पोषणे नृप ॥१६१
ततो नवसु मासेषु समुत्तस्थुर्यथासुखम् ।
कुमारास्ते महाभागा सगरप्रीतिवर्द्धना ॥१६२
कालेन महता चैव यौवन प्रतिपेदिरे ।
पुत्रषष्टिसहस्राणि तेषामश्वानुसारिणाम् ॥१६३
स तु ज्येष्ठो नरव्याघ्र सगरस्यात्मसम्भव. ।
असमञ्ज इति ख्यातो वह्निकेतुर्महाबल ॥१६४
पौराणामहिते युक्त पित्रा निर्वासित पुरा ।
तस्य पुत्रोऽशुमान्नाम असमञ्जस्य वीर्यवान् ॥१६५

इसके अनन्तर समय आने पर जो बडी रानी थी उसने ज्येष्ठ पुत्र को उत्पन्न किया और वह सगर का पुत्र काकुत्स्थ असमञ्जस इस नाम से प्रसिद्ध हुआ था ॥१५६॥ यशस्विनी सुमति ने भी गर्भ का एक तुमा पैदा किया जिस तुम्बे से साठ हजार पुत्र निकल पडे थे ॥१६०॥ घृत से भरे हुए कलशों में उन गर्भों को रख दिया गया था। राजा ने एक-एक धाय उन सब के पोषण करने के लिये देदी थी ॥१६१॥ इसके बाद नौमास के समाप्त होने पर सगर की प्रीति के बढाने वाले महाभाग से युक्त सुख पूर्वक वे समस्त कुमार उठ खडे हुए थे ॥१६२॥ महान् काल के व्यतीत होजाने पर वे सब यौवनावस्था को प्राप्त हुए थे। उस अश्वमेध के अश्व का अनुसरण करने वाले ये ही साठ सहस्र सगर के पुत्र थे ॥१६३॥ जो सब में बडा सगर का नर व्याघ्र पुत्र था वह 'असमञ्जस'-इस नाम से ख्यात हुआ था। वह्निकेतु महान् बलवान् था ॥१६४॥ वह क्योंकि नगर निवासी जनों का अहित किया करता था। इसलिये पिता ने उसको निकाल दिया अर्थात् देश निकाला देदिया था। उस असमञ्जस का महा पराक्रमी अंशुमान् नाम वाला पुत्र हुआ था ॥१६५॥

तस्य पुत्रस्तु धर्मात्मा दिलीप इति विश्रुत ।
दिलीपात्तु महातेजा वीरो जातो भगीरथ ॥१६६

येन गङ्गा सरिच्छ्रेष्ठा विमानरुपशोभिता ।
ईजाऽनेन समुद्राद्व दुहितृत्वेन कल्पिता ।
अत्राप्युदाहरन्तीम इलोक पौराणिका जना ॥१६७
भगीरथस्तु ता गङ्गामानयामास कर्मभि ।
तस्माद्भागीरथी गङ्गा कथ्यते वशवित्तम ॥१६८
भगीरथसुतश्चापि श्रुतो नाम बभूव ह ।
नाभागस्तस्य दायादो नित्य धर्मपरायण ॥१६९
अम्बरीप सुतस्तस्य सिन्धुद्वीपस्ततोऽभवत् ।
एव वशपुराणज्ञा गायन्तीति परिश्रुतम् ॥१७०
नाभागेरम्बरीपस्य भुजाभ्या परिपालिता ।
बभूव वसुधात्यथ तापत्रयविवर्जिता ॥१७१
अयुतायु सुतस्तस्य सिन्धुद्वीपस्य वीर्यवान् ।
अयुतायोस्तु दायाद ऋतुपर्णो महायशा ॥१७२

जनलोकविवर्त्तन्तस्तपसा लब्धचक्षुप ।
भृग्वादयो महात्मान पूर्व्वो व्याख्यातलक्षणा ।।७२
सत्यादीन् सप्तलोकान् वै ते हि पश्यन्ति चक्षुपा ।
ब्रह्माण तं तु पश्यन्ति महाब्राह्मीपु रात्रिपु ।।७३
कल्पाना परमेष्ठित्वात्तस्मादाद्य स पठ्यते ।।७४
स यष्टा सर्वभूताना कल्पादिपु पुन पुन ।
एवमावेशयित्वा तु स्वात्मन्येव प्रजापति ।।७५
अथात्मनि महातेजा सर्वमादाय सर्वकृत् ।
ततस्ते वसते रात्रिं तमस्येकार्णवे जले ।।७६
ततो रात्रिक्षये प्राप्त प्रतिवुद्ध प्रजापतिः ।
मन सिसृक्षया युक्त सर्गाय निदधे पुन ।।७७
एव सलोके निवृत्ते उपशान्ते प्रजापती ।
ब्रह्मनैमित्तिके तस्मिन् कल्पिते वै प्रलयमे ।।७८
देहैर्वियोग सत्वाना तस्मिन् वै कृत्स्नश स्मृत ।
ततो दशेपु भूतेपु सर्व्वेष्वादित्यरश्मिभि ।
देवर्पिम नुवर्य्येप् तस्मिन् सङ्कलने तदा ।।७९
गन्धर्वादीनि सत्वानि पिशाचान्तानि सर्व्वश ।
कल्पादावप्रतप्तानि जनमेवाश्रयन्ति वै ।।८०

जिस समय मे सर्वाण्ड मण्डित चार प्रकार की प्रजा शयन करती है

तो सप्तर्षिगण उस महान् आत्मा वाले काल को देखा करते हैं ।।७१।। जल लोक मे विद्यमान और तप के द्वारा नेत्रों की दृष्टि को प्राप्त करने वाले भृगु आदि महात्मा होते है जिनका पूर्व मे लक्षणों की व्याख्या करदी गई है । सत्य प्रभृति सातो लोकों को वे ही चक्षु के द्वारा देखा करते है । उन महा ब्राह्मी रात्रियों मे वे ब्रह्मा को भी देखा करते है ।।७२।। सप्तर्षिगण अपनी रात्रियों मे सोये हुए काल को देखते है । कल्पो का परमेष्ठी होने से वह आद्य पढा जाया करता है ।।७३ ७४।। वह समस्त प्राणियो का कल्पो के आदि मे पुन पुन स्रष्टा होता है । इस प्रकार से प्रजापति अपनी आत्मा मे ही आवेशयित होता है ।।७५।। इसके अनन्तर महान् तेज वाला सबको आत्मा मे लाकर सब कुछ के करने वाला इसके पश्च त् एकार्णव जल मे जोकि एकदम अन्धकारमय है वहाँ रात्रि मे वास किया करता है ।।७६।। इसके उपरान्त उस रात्रि के क्षय हो जाने पर वह प्रजापति अति बुद्ध होता है और फिर सृजन करने की इच्छा से मनको युक्त करके पुन सर्ग के लिये निविष्ट किया करता है ।।७७।। इस तरह से सत्लोक के निवृत्त होने पर और प्रजापति के उपशान्त होने पर तथा ब्रह्म नैमित्तिक उस कर्म के प्रसयम होने पर सत्त्वो का देहों से वियोग होता है और उसको पूर्वरूप मे कहा गया है । इसके पश्चात् सूर्य की किरणो के द्वारा समस्त प्राणियों के दग्ध हो जाने पर उस समय मे मनुज यक्ष देवर्षियो के उस सङ्कुलन मे गन्धर्व आदि जीव और पिशाचान्त तक कल्प के आदि मे अप्रतस होने हुए जन लोक का आश्रय लिया करते है ।।७८ ७९ ८ ।।

तिर्यग्योनीनि सत्वानि नारकेयानि यान्यपि ।
जने तान्युपपद्यन्ते यावत्सम्प्लवत जगत् ।।८१
व्युष्टायान्तु रजन्या तु ब्रह्मणोऽव्यक्तयानये ।
जायन्ते हि पुनस्तानि सत्वभूतानि कृत्स्नश ।।८२
ऋषयो मनवा देवा प्रजा सर्गाश्च त्रिधा ।
तेषामपीह सिद्धाना निधनोत्पत्तिरुच्यत ।।८३
यथा सूर्यस्य लोकऽस्मिन्नुदयास्तमन स्मृतम् ।
तथा ज मनिरोधश्च भूतानामिह दृश्यते ।।८४

आभूतसंप्लवास्तस्माद्भव संसार उच्यते ।
यथा सर्व्वाणि भूतानि जायन्ते हि वर्षास्विह ।।८५
स्थावरादीनि सत्त्वानि कल्पे कल्पे तथा प्रजा ।
यथार्त्तावृतुलिङ्गानि नानारूपाणि पर्य्यये ।।८६
दृश्यन्ते तानि तान्येव तथा ब्रह्मात्तरात्रिषु ।
प्रत्याहारे च सर्गे च गतिमन्ति ध्रुवाणि च ।।८७
निष्क्रमन्ते विशन्ते च प्रजाकारं प्रजापतिम् ।
ब्रह्माणं सर्वभूतानि महायोगं महेश्वरम् ।।८८

जो तिर्यक् योनि वाले जीव थे और जो नारकीय जीव थे उस समय में वे सभी सब प्रकार से नष्ट पापों वाले होते हुए दग्ध होगये थे। जब तक जगत् सम्प्लावित रहता है तब तक वे सभी सत्त्व जनलोक में उत्पन्न हुआ करते हैं ।।८१।। अव्यक्त योनि ब्रह्मा के लिये रजनी के व्युष्ट हो जाने पर फिर वे समस्त प्राणी पूर्ण रूप से उत्पन्न होते है ।।८२।। ऋषिगण-मनुवृन्द-देवता-प्रजा समस्त चारों प्रकार की—इन सबका और यहाँ पर सिद्धों का भी निधन होना तथा उत्पन्न होना कहा जाता है ।।८३।। जिस तरह से इस लोक में सूर्य का उदय होना और अस्त होना कहा गया है—उसी तरह से प्राणियों का जन्म और निरोध दिखलाई देता है ।।८४।। उस भूत सम्प्लव से लेकर भव संसार कहा जाता है। जैसे समस्त प्राणी यहाँ वर्षा में उत्पन्न हुआ करते है ।।८५।। जिस तरह ऋतु के समय में पर्यय होने पर अनेक प्रकार के ऋतु के चिह्न होते हैं उसी तरह कल्प-कल्प में स्थावर आदि सत्त्व और प्रजा हुआ करते हैं ।।८६।। ब्रह्मा की आत्त रात्रियों में वे-वे ही प्रत्याहार में और सर्ग में ध्रुव और गतिमान् दिखलाई दिया करते है ।।८७।। महान् योग वाले महेश्वर प्रजा के आकार वाले प्रजापति ब्रह्मा में समस्त प्राणी प्रवेश करते हैं और निष्क्रमण किया करते हैं ।।८७।।

स स्रष्टा सर्वभूतानां कल्पादिषु पुनः पुनः ।
व्यक्ताव्यक्तो महादेवस्तस्य सर्वमिदं जगत् ।।८६

है। उस स्थान वाले जल से भी तेरह पल होते हैं ॥१ १॥ मागध मान के द्वारा ही जल प्रस्थ का विधान होता है। ये चार उदक प्रस्थ हैं और नालिक घट होता है ॥१ २॥ छेद किये हुए चार अगुल वाले चार हेममाषों के समान दिन में और रात्रि में द्विनालिक मुहूर्त्त होता है ॥१ ३॥ सूर्य की गति विशेष से समस्त मनुष्यों में निश्य ही पाँचवों छः कलाओं का प्रविधान होता है ॥१ ४॥

तदहर्मानुष ज्ञ य नाक्षत्रन्तु दशाधिकम् ।
सावनेन तु मासेन ह्यब्दोऽय मानुष स्मृत ॥१०५
एतद्दिव्यमहोरात्रमिति शास्त्रविनिश्चय ।
अह्नाऽनेन तु या सख्या मासत्वयनवार्षिकी ॥१ ६
तदा बद्धमिद ज्ञान सज्ञा या ह्युपलक्ष्यताम् ।
कलाना सुपरीमाणात्काल इत्यभिधीयते ॥१ ७
यदहर्ब्राह्मण प्रोक्त दिव्या कोटी तु तत् स्मृता ।
शतानाश्च सहस्राणि दशद्विगुणितानि च ।
नवतिश्च सहस्राणि तथवान्यानि यानि तु ॥१०८
एतच्छ्रुत्वा तु ऋषयो विस्मय परमाद्भुतम् ।
सस्थासम्भजन ज्ञानमपृच्छन्नन्तर तदा ॥१ ६
सप्लावनस्य कालस्तु मानुषेणाव सम्मतम् ।
मानेन श्रोतुमिच्छाम सक्षेपाथपदाक्षरम् ॥११०
तेषा श्रुत्वा स देवस्तु वायुर्लोकहिते रत ।
सक्षेपार्द्दिव्यचक्षुष्मान् प्रोवाच भगवान् प्रभु ॥१११
एत राज्यह्नो पूव कीर्त्तिते त्विह लौकिके ।
तासा सख्याय वर्षाग्र ब्राह्म वक्ष्याम्यह द्विजे ॥११२

यह मानुष दिन जानना चाहिये और नक्षत्र तो दश अधिक वाला होता है। सावन मास से यह मानुष शब्द कहा गया है ॥१ ५॥ यह दिव्य अहोरात्र होता है—ऐसा शास्त्र का विनिश्चय है। इस दिन से जो सख्या है वह मास अयन ऋतु और वर्ष की है ॥१ ६॥ उस समय यह बद्ध ज्ञान जो सज्ञा है उसे उप लक्षित करो। कलाओं के सुपरीमाण से काल ऐसा नामसे कहा जाता है ॥१ ७॥

जो ब्रह्मा का दिन कहा गया है वह दिव्यकोटी कही गई है। सौ सहस्र दश और सौ से गुणित होते हैं। और नब्बे सहस्र तथा जो अन्य है वे इस प्रकार के होते हैं ॥१०८॥ इसे श्रवण करके ऋषिगण परम अद्भुत विस्मय को प्राप्त हुए यह संख्या का सम्भजन ज्ञान ऐसा ही अद्भुत था। उस समय अन्तर को पूछा ॥१०९॥ ऋषियों ने कहा—सम्प्लावन होने का समय मानुष के द्वारा ही सम्मत है। हम मान से श्रवण करने की इच्छा करते हैं जो कि संक्षेपार्थ पदाक्षर है ॥११०॥ लोक के हित में रति रखने वाले उस वायुदेव ने उनकी इस बात को सुनकर भगवान् प्रभु जो कि दिव्य नेत्रों वाले थे, संक्षेप से बोले ॥१११॥ ये रात्रि और दिन यहाँ लौकिक पहिले कीर्तित किये हैं। उनके वर्षाग्र की संख्या करके अब दिन के क्षय में जो ग्राह्य है उसे बताऊँगा ॥११२॥

कोटिशतानि चत्वारि वर्षाणि मानुषाणि तु।
द्वात्रिंशच्च तथा कोट्य सङ्ख्याता सङ्ख्यया द्विजै ॥११३
तथा शतसहस्राणि एकोननवति पुन।
आशीतिश्च सहस्राणि एष काल प्लवस्य तु ॥११४
मानुषाख्येण सङ्ख्यात कालो ह्याभूतसम्प्लव।
सप्त सूर्य्यास्तदाग्रेषु तदा लोकेषु तेषु वै ॥११५
महाभूतेषु लीयन्ते प्रजा सर्व्वाश्चतुर्विधा।
सलिलेनाप्लुते लोके नष्टे स्थावरजङ्गमे ॥११६
विनिवृत्ते च संहारे उपशान्ते प्रजापती।
निरालोके प्रदग्धे तु नैशेन तु समावृते।
ईश्वराधिष्ठिते ह्यस्मिस्तदा ह्येकार्णवे तदा ॥११७
तावदेकार्णवो ज्ञेयो यावदासीदह प्रभो।
रात्रिस्तु सलिलावस्था निवृत्ती चाप्यह स्मृतम् ॥११८
अहोरात्रस्तथैवास्य क्रमेण परिवर्त्तते।
आभूतसम्प्लवो ह्येष अहोरात्र स्मृत प्रभो ॥११९
नैनोमये यानि सत्वानि गतिमन्ति ध्रुवाणि च।
आभूतेभ्य प्रलीयन्ते तस्मादाभूतसम्प्लव ॥१२०

चारसौ करोड़ मानुष वर्ष तथा बत्तीस कोटि द्वय के द्वारा संख्या में प्रख्यात किये गये हैं ।।११३।। तथा सौ सहस्र नवासी और अस्सी सहस्र यह काल प्लव का होता है ।।११४।। यह आभूत सम्प्लव काल मानुषाख्य के द्वारा संख्यात किया गया है। उस समय उन अभ्रलोकों में सात सूर्य होते हैं ।।११५।। चारों प्रकार की समस्त प्रजा महाभूतों में लीन होजाती है। जबकि लोक जल से आप्लुत होजाता है और स्थावर और जङ्गम सब नष्ट हो जाते हैं ।।११६।। संहार के विनिवृत्त होने पर और प्रजापति के उपशान्त होजाने पर बिना प्रकाश वाले प्रकृष्ट रूप से जले हुए होने पर तथा रात्रि के अन्धकार समावृत होने पर उस समय यह एकार्णव केवल ईश्वर से अधिष्ठित होता है ।।११७।। उसका जब तक दिन रहता है तब तक यह एकार्णव जानना चाहिये। जलकी अवस्था ही रात्रि है और उसकी निवृत्ति होजाने पर दिन कहा गया है ।।११८।। उस प्रकार से इसका अहोरात्र क्रम से परिवर्तित हुआ करता है। यह आभूत सम्प्लव प्रभु का अहोरात्र ही कहा गया है ।।११९।। त्रैलोक्य में जो गति वाले ध्रुव सत्त्व हैं वे अभूतों से प्रलीन हो जाया करते हैं इस कारण से इसका नाम आभूत सम्प्लव ऐसा कहा गया है ।।१२०।।

अभूत प्रजानान्तस्माद्भूत प्रजापति ।
आभूत प्लवते यत्र तस्मादाभूतसम्प्लव ।।१२१
शाश्वते चामृतत्वे च शब्दे चामृतसम्प्लव ।
अतीता वर्त्तमानाश्च तथैवानागता प्रजाः ।
दिव्यसङ्ख्या प्रसङ्ख्याता ह्यपरार्धगुणीकृता ।।१२२
परार्धद्विगुणश्चापि परमायु प्रकीर्त्तितम् ।
एतावान् स्थितिकालस्तु ह्यजस्येह प्रजापतेः ।
स्थित्यन्ते प्रतिसर्गस्य ब्रह्मण परमेष्ठिनः ।।१२३
यथा वायुप्रवेगेन दीपार्चिरुपशाम्यति ।
तथैव प्रतिसर्गेण ब्रह्मा समुपशाम्यति ।।१२४
तथा ह्यप्रतिसृष्टे महदादौ महेश्वरे ।
महत्प्रलीयतेऽव्यक्ते गुणसाम्य ततो भवेत् ।।१२५

इत्येष व समाख्यातो मया ह्याभूतसम्प्लव ।
ब्रह्मानैमित्तिको ह्येष सम्प्रक्षालनसयम- ॥१२६
समासेन समाख्यातो भूयः किं वर्त्तयामि व ।
य इद धारयेन्नित्य श्रृणुयाद्वाप्यभीक्ष्णश ।
कीर्त्तनाच्छ्रवणाच्चापि महती सिद्धिमाप्नुयात् ॥१२६

समस्त प्रजाओ के आगे हुआ था इससे प्रजापति भूत है और आभूत सम्प्लवित होता है इस कारण से आभूत सम्प्लव इस नाम से इसे कहा जाया करता है ॥१२१॥ और शाश्वत अमृतत्व शब्द मे आभूत सम्प्लव है। जो व्यतीत होगये है वे-वर्त्तमान मे रहने वाले और उसी प्रकार से अनागत अर्थात् भविष्य मे होने वाले समस्त प्रजा की अपरार्थ गुणीकृत दिव्य सख्या होते हैं ॥१२२॥ परादिगुण भी परमायु कही गई है। प्रजापति अजका इतना ही स्थिति का काल होता है। प्रत्येक सर्ग की स्थिति के अन्त मे परमेष्ठी ब्रह्म का स्थिति काल होता है ॥१२३॥ जिस तरह वायु के प्रवेग वाले झोके से दीपो की अर्चि (लौ) उपशान्त होजाया करती है उसी प्रकार से प्रत्येक सर्ग से ब्रह्मा भी उपशान्त होजाया करता है ॥१२४॥ तथा महदादि मे महेश्वर के अप्रति ससृष्ट होने पर महत् अव्यक्त मे प्रलीन हो जाता है तब गुणो की साम्यावस्था होजाया करती है ॥१२५॥ इस तरह मैंने यह आभूत सम्प्लव समाख्यात कर दिया है यह सम्प्रक्षालन सयम ब्रह्मा के निमित्त वाला होता है ॥१२६॥ मैंने यह सक्षेप से कह दिया है। अब आगे आप लोगो को क्या बताऊँ ? इसे जो नित्य ही धारण किया करता है अथवा बार-बार श्रवण किया करता है। इसके कीर्त्तन करने से तथा श्रवण करने से महती सिद्धि को प्राप्त होता है ॥१२७॥

प्रकरण ६३—शिवपुर वर्णन

अमाधारणवृत्तैस्तु हुतशेषादिभिर्द्विजे ।
धर्मवैशेषिकैश्चैव ह्याचूर्णसूक्ष्मदर्शिभि ॥१

ते देव सह तिष्ठन्ति महर्लोकनिवासिन ।
चतुर्द शते मनव कीर्त्तिता कीर्त्तिवधना ॥२
अतीता वर्त्तमानाश्च तथवानागताश्च ये ।
ऋपिभिर्देवतश्च व सह ग धवराक्षस ॥३
म वन्तराधिकारेपु जायन्तीह पुन पुन ।
देवा सप्तपयश्च व मनव पितरस्तथा ॥४
सर्व्वे ह्यपि क्रमातीता महर्लोक समाश्रिता ।
ब्राह्मणे क्षत्रियर्वश्यर्धार्मिक सहित सुराः ॥५
तस्तथ्यकारिभियु क्त श्रद्धावद्भिरदर्पित ।
वर्णाश्रमाणा धर्म्मेषु श्रौतस्मार्त्तेषु सस्थित ।
विनिवृत्ताधिकारास्ते याव म वन्तरक्षय ॥६
महर्लोकेति यत्प्रोक्त मातरिश्वस्त्वया विभो ।
प्रतिलोके च कर्त्तव्यमनेक समधिष्ठिता ॥७
याव तश्च व ते लोका दह्यन्ते ये न ते प्रभो ।
एतन्नः कथय प्रोत्या ८ । हि वेत्थ यथातथम् ॥८

श्री वायुदेव ने कहा—असाधारण चरित्र वाले हुत शेष आदि द्विजो के साथ तथा धम के वशेषिक आपूर्ण सूक्ष्म दर्शियो के साथ और देवो के साथ वे महर्लोक के निवासी होते हुए रहा करते हैं । मे कीर्त्ति के बढाने वाले चौदह मनु बताये गये हैं ॥१ २॥ अतीत–वत्तमान और अनागत जो हैं वे ऋषियो के–देवतो के और ग धर्वों के एव राक्षसो के साथ म वन्तरो के अधिकारो मे बारम्बार उत्पन्न होते हैं । इसी तरह देव–सप्तर्पिगण–मनु और पितृवृन्द हुआ करते हैं ॥३ ४॥ सभी क्रम से अतीत हुए महर्लोक मे समाश्रित होते हैं । ब्राह्मण–क्षत्रिय और वश्यो के सहित सुर वहाँ आश्रय लिया करते हैं ॥५॥ तथ्यो के करने वाले–श्रद्धा से युक्त–दर्प से रहित–युक्त–वर्णाश्रमो के धर्मों मे तथा श्रौत एव स्मात धर्मों म से स्थित उनसे विनिवृत्त अधिकार वाले ये जब तक म व तर का क्षय होता है वहाँ रहा करते हैं ॥६॥ ऋषियो ने कहा—हे मातरिश्वन् ! हे विभो ! आपने महर्लोक–यह कहा है और प्रतिलोक मे अनेको

के द्वारा कर्त्तव्य से समधिष्ठित बताये हैं ॥७॥ हे प्रभो ! और जितने वे लोक है उनमें जो नहीं दग्ध होते है—यह सब हमको बताइये और प्रेम के साथ वर्णन करिये क्योंकि आप सभी कुछ ठीक-ठीक जानते हैं ॥८॥

एवमुक्तस्तदा वायुर्मुनिभिर्विनयात्मभिः ।
प्रोवाच मधुरं वाक्यं यथातत्त्वेन तत्त्ववित् ॥९
चतुर्दशैव स्थानानि वर्णितानि महर्षिभिः ।
लोकाख्यानि तु यानि स्युर्येषु तिष्ठन्ति मानवाः ॥१०
सप्त तेषु कृतान्याहुरकृतानि तु सप्त वै ।
भूरादयस्तु सत्यान्ताः सप्त लोकाः कृतास्त्विह ॥११
अकृतानि तु सप्तैव प्राकृतानि तु यानि वै ।
स्थानानि स्थानिभिः सार्द्धं कृतानि तु निबन्धनम् ॥१२
पृथिवी चान्तरिक्षं च दिव्यं यच्च महः स्मृतम् ।
स्थानान्येतानि चत्वारि स्मृतान्यार्णवकानि च ॥१३
क्षयातिशययुक्तानि तथा युक्तानि वक्ष्यते ।
यानि नैमित्तिकानि स्युस्तिष्ठन्त्याभूतसम्प्लवम् ॥१४
जनस्तपश्च सत्यञ्च स्थानान्येतानि त्रीणि तु ।
ऐकान्तिकानि सत्त्वानि तिष्ठन्तीहाप्रसयमात् ॥१५
व्यक्तानि तु प्रवक्ष्यामि स्थानान्येतानि सप्त वै ।
भूर्लोकः प्रथमस्तेषां द्वितीयस्तु भुवः स्मृतः ॥१६

विनय से युक्त आत्मा वाले मुनियों के द्वारा इस तरह कहे गये वायु देव मधुर वाक्य बोले क्योंकि वे तत्त्वों के वेत्ता थे अतः यथा तत्त्व ही उनके वचन भी थे ॥९॥ श्री वायु ने कहा—महर्षियों ने चौदह ही स्थानों का वर्णन किया है जो कि लोक—इस नाम से प्रसिद्ध हैं और जिनमें मनुष्य निवास की स्थिति किया करते हैं ॥१०॥ उनमें सात तो कृत हैं और सात अकृत हैं। भूर्लोक आदि नामों से जो सम्ख्यात होते हैं वे ही सात लोक यहाँ कृत होते हैं ॥११॥ और अकृत तो सात ही होते हैं जो कि प्राकृत हैं। स्थानियों के साथ वे स्थान कृत हैं और निबन्धन होते हैं ॥१२॥ पृथिवी और अन्तरिक्ष और दिव्य जो

महर्लोक कहा गया है ये चार स्थान प्राणवक कहे गये हैं ॥१३॥ ये क्षयातिशय से युक्त होते हैं तथा युक्त कहे जायगे। जो नमित्तिक होते है वे प्राभूत सम्प्लव तक रहा करते है ॥१४॥ जन–तप और सत्य ये तीन स्थान हैं जहाँ पर प्राम सयम से एकान्तिक सत्त्व ठहरा करते है ॥१५॥ ये सात स्थान व्यक्त हैं इनको मैं बताता हूँ—भूर्लोक उनमे प्रथम है दूसरा तो भुवर्लोक कहा गया है ॥१६॥

स्वस्तृतीयस्तु विज्ञयश्चतुर्थो वै मह स्मृत ।
जनस्तु पञ्चमो लोकस्तप षष्ठो विभाव्यते ॥१७
सत्यन्तु सप्तमो लोको निरालोकस्तत परम् ।
भूरिति व्याहृते पूर्व भूर्लोकश्च ततोऽभवत् ॥१८
द्वितीय भुव इत्युक्त अन्तरिक्ष ततोऽभवत् ।
तृतीय स्वरितीत्युक्त दिव प्रादुर्बभूव ह ॥१९
व्याहारस्त्रिभिरेतस्तु ब्रह्मलोकमकल्पयत् ।
ततो भू पार्थिवो लोक अन्तरिक्ष भुवः स्मृतम् ॥२०
स्वर्लोको वै दिव ह्यत्र पुराणे निश्चय गतम् ।
भूतस्याधिपतिश्चाग्निस्ततो भूतपति स्मृत ॥२१
वायुर्भुवस्याधिस्पतिस्तेन वायुर्भुवपति ।
भव्यस्य सूर्योऽधिपतिस्तेन सूर्यो दिवस्पति ॥२२
महेतिव्याहृतेनैव महर्लोकस्ततोऽभवत् ।
विनिवृत्ताधिकाराणा देवाना तत्र च क्षय ॥२३
जनस्तु पञ्चमो लोकस्तस्माज्जायन्ति व जना ।
तासा स्वाय भुवाद्याना प्रजाना जननाज्जन ॥२४

तृतीय स्वर्लोक होता है और चतुर्थ महर्लोक जानने के योग्य कहा गया है। जनलोक पाँचवाँ होता है और छठा तपलोक होता है ॥१७॥ सत्यलोक नाम वाला सप्तम लोक होता है इसके आगे निरालोक होता है। पूर्व मे भू–यह व्याहृत होने पर इससे ही भूर्लोक हुआ ॥१८॥ फिर दूसरा भुव–यह कहा गया वह अन्तरिक्ष भुव कहा गया है। तीसरा स्व–यह कहने पर दिव का प्रादुर्भाव हुआ था ॥१९॥ इन तीन व्याहारो के द्वारा ब्रह्मलोक कल्पित हुआ

था। इससे भू पार्थिव लोक है और भुव यह अन्तरिक्ष कहा गया है ॥२०॥ और स्वर्लोक यह दिव है—ऐसा पुराण मे निश्चय को प्राप्त हुआ है। भूत का अधि पति अग्नि है इसके पश्चात् भूत पति कहा गया है ॥२१॥ वायु भुव पति है। भव्य का अधिपति सूर्य होता है इससे सूर्य दिवस्पति कहा गया है ॥२२॥ यह इस तरह व्याहृत होनेसे ही इस प्रकार मे महर्लोक फिर हुआ था। विनिवृत्त अधिकार वाले देवो का वहाँ पर क्षय होता है ॥२३॥ जन पाँचवाँ लोक है उससे जन उत्पन्न हुआ करते हैं। उन स्वायम्भुवादि प्रजाओ के जनन से जन होता है ॥२४॥

यास्ता स्वायम्भुवाद्या हि पुरस्तात्परिकीर्त्तिता ।
कल्पदग्धे तदा लोके प्रतिष्ठन्ति तदा तप ॥२५
ऋभु सनत्कुमाराद्या यत्र सन्त्यूर्द्ध रेतस ।
तपसा भावितात्मानस्तत्र सन्तीति वा तप ॥२६
सत्येति ब्रह्मण: शब्द सत्तामात्रस्तु स स्मृत. ।
ब्रह्मलोकस्तत. सत्य सप्तम स तु भास्कर ॥२७
गन्धर्वाप्सरसो यक्षा गुह्यकास्तु सराक्षसा ।
सर्वभूतपिशाचाश्च नागाश्च सह मानुपै ।
स्वर्लोकवासिन सर्वे देवा भुवि निवासिन ॥२८
मरुतो मातरिश्वानो रुद्रा देवास्तथाश्विनौ ।
अनिकेतान्तरिक्षास्ते भुवर्लोक्या दिवौकस ॥२६
आदित्या ऋभवो विश्वे साध्याश्च पितरस्तथा ।
ऋषयोऽङ्गिरसश्चैव भुवर्लोक समाश्रिता ॥३०
एते वैमानिका देवास्ताराग्रहनिवासिन ।
इत्येते क्रमश प्रोक्ता ब्रह्मव्याहारसम्भवा ॥३१
भूर्लोकप्रथमा लोका महदन्ताश्च ते स्मृता ।
आरभ्यन्ते तु तन्मार्यं शुद्धास्तेषा परस्परम् ॥३२

जो स्वायम्भुवादि पहिले कहे गये हैं कल्प के दग्ध होने पर उस समय लोक में तप को प्रतिष्ठित किया करते हैं ॥२५॥ ऋभु सनत्कुमार आदि जहाँ पर

ये ऊर्द्ध रेता लोग होते हैं जो तप के द्वारा भावित आत्मा वाले वहाँ पर हैं इससे तप कहा गया है ॥२६॥ सत्य–यह ब्रह्म का शब्द है और वह सत्तामात्र कहा गया है। इससे सत्य लोक जो है वह ब्रह्मलोक सप्तम है और वह भास्कर है ॥२७॥ गन्धव–अप्सरायें–यक्ष–गुह्यकराक्षसो के सहित–समस्त भूत और पिशाच नाग मनुष्यो के सहित ये सब देव स्वर्लोक के निवास करने वाले हैं जोकि भूमि निवासी हैं ॥२८॥ मरुत–मातरिश्वान–रुद्र–देवता तथा अश्विनीकुमार दोनो के अनिकेतान्तरिक्ष है और दिव मे स्थान वाले सब भुवर्लो मय होते हैं ॥२६॥ आदित्य–ऋभु–विश्वेदेव–साध्य–पितर–ऋषिगण और अङ्गिरस ये सब भुवर्लोक मे समाश्रित होते हैं ॥३ ॥ ये ताराग्रह निवासी देव वमानिक होते हैं। ये सब क्रम से ब्रह्म के व्याहार से उत्पन्न होने वाले कह दिये गये है ॥३१॥ भूर्लोक प्रथम लोक है और महदन्त ये कहे गये हैं। परस्पर मे उनकी तन्मात्राओं से शुद्ध धारण किये जाते हैं ॥३२॥

शुक्राद्याश्चाक्षुषान्ताश्च ये व्यतीता भुव श्रिता ।
महर्लोकश्चतुथस्तु तस्मिस्ते कल्पवासिन ॥३३
भूर्लोकप्रथमा लोका महद न्ताश्च ये स्मृता ।
तान् सर्वान् सप्त सूर्यास्ते अर्चिर्भिनिदहन्ति व ॥३४
मरीचि कश्यपो दक्षस्तथा स्वायम्भुवोऽङ्गिरा ।
भृगु पुलस्त्य पुलह क्रतुरित्येवमादय ॥३५
प्रजाना पतय सर्वे वत्त ते तत्र त सह ।
नि सत्त्वा निममाश्च व तत्र ते ह्यूद्ध रेतस ॥३६
ऋभु सनत्कुमाराद्या वराज्यास्ते तपोधना ।
मन्वन्तराणा सर्वेषा सावर्णानां तत स्मृता ।
पतद् ज्ञाना सर्वेषा पुनरावृत्तिहेतव ॥३७
योग तपश्च सत्यञ्च समाधाय तदात्मनि ।
षष्ठे काले निवर्त्त न्ते ततदाहविपर्यये ॥३८
सत्यन्तु सप्तमो लोको ह्यपुनर्मार्गगामिनाम् ।
ब्रह्मलोक समाख्यातो ह्यप्रतीघातलक्षण ॥३९

पर्याप्तपारिमाण्येन भूर्लोक समिति स्मृन ।
भूम्यन्तर यदादित्यादन्तरिक्ष भुवः स्मृतम् ।।४०

शुक्राद्य और चाक्षुषान्त जो व्यतीत है वे ध्रुव मे आश्रित होते हैं। महर्लोक तो चौथा है उसमे वे कल्प वासी रहते है ।।३३।। भूर्लोक से प्रथम लोक जो महदन्त कहे गये है उन सबको सप्त सूय अपनी अर्चियो के द्वारा निदग्ध कर दिया करते है ।।३४।। मरीचि–कश्यप–दक्ष–स्वायम्भुव–अङ्गिरा–भृगु–पुलस्त्य–पुलह और क्रतु इत्येवमादि हैं ।।३५।। वे सब प्रजाओ के पति हैं और वहां पर वे उनके साथ रहते हैं। वे वहां नि सत्त्व और निमम एव ऊर्द्ध्वरेता होते हैं ।।३६।। ऋभु और सनत्कुमार आद्य वे सब तपोधन वैराज्य है। सावर्ण समस्त मन्वन्तरो के वे कहे गये हैं जो कि चौदहो लोको के सब के पुनरावृत्ति होने के हेतु होते है ।।३७।। उस समय में योग–तप और सत्य को आत्मामे समाधान करके पश्च काल मे उस अह के विपर्यय मे निवृत्त होजाते हैं ।।३८।। सत्य तो सप्तम लोक है जो कि अपुनर्मार्ग गामियो का लोक होता है। वह अप्रतीघात लक्षण वाला ब्रह्मलोक कहा गया है ।।३९।। पर्याप्त पारिमाण्य से भूर्लोक समिति कहा गया है। भूमि के अन्तर मे जो आदित्य से अन्तरिक्ष है वह भुव कहा गया है ।।४०।।

सूर्यध्रुवान्तर यच्च स्वर्गलोको दिव स्मृत ।
ध्रुवाज्जनान्तर यच्च महर्लोकस्तदुच्यते ।।४१
विख्याता सप्तलोकास्तु तेषा वक्ष्यामि सिद्धय ।
भूर्लोकवासिन सर्वे ह्यन्नादास्तु रसात्मका ।।४२
भुवे स्वर्गे च ये सर्वे सोमपा आज्यपाश्च ये ।
चतुर्थे येऽपि वर्त्तन्ते महर्लोक समाश्रिता ।।४३
विज्ञेया मानसी तेषा सिद्धिर्वै पञ्चलक्षणा ।
सद्यश्चोत्पद्यते तेषा मनसा सर्व्वमीप्सितम् ।।४४
एते देवा यजन्ते वै यज्ञै सर्वै परस्परम् ।
अतीतान् वतमानाश्च वर्त्तमानाननागतान् ।।४५

प्रथमानन्तररिष्ट्वा ह्यन्तरा साम्प्रत पुन ।
निवर्त्ततीत्यासम्ब धोऽतीते देवगणे तत ॥४६
विनिवृत्ताधिकाराणा सिद्धिस्तेषान्तु मानसी ।
तेषां तु मानसी ज्ञ या शुद्धा सिद्धिपरम्परा ॥४७
उक्ता लोकाश्च चत्वारो जनस्यानुविधिस्तथा ।
समासेन मया विप्रा भूयस्त वर्त्तयामि व ॥४८

और जो सूय ध्रुवान्तर मे है वह स्वग लोक दिन कहा गया है। अब से जनान्तर जो है वह महर्लोक कहा जाता है ॥४१॥ ये सात लोक विख्यात है अब उनकी सिद्धियो को बताता हूँ। भूर्लोक के निवास करने वाले सभी अन्न खाने वाले रसात्मक होते है ॥४२॥ भुव मे और स्वग मे जो सब हैं वे सोम पान करने वाले और आज्य पान करने वाले होते हैं। चौथे मे जो रहा करते हैं वोकि महर्लोक को आश्रय किये हुए हैं ॥४३॥ उनकी पाँच लक्षणो वाली मानसी सिद्धि जानने के यो य है। उनके मन से जो भी कुछ अभीष्ट होता है वह तुरन्त ही उत्पन्न हो जाता है ॥४४॥ वे देव समस्त यज्ञो के द्वारा परस्पर मे यजन किया करते हैं। जो अतीत होगये है—जो वत्तमान है और जो अनागत हैं उन सभी को करते हैं ॥४५॥ प्रथमो को अन्तरो के द्वारा यजन करके फिर साम्प्रतो के द्वारा अन्तरो को करते है फिर देवगण के अतीत होने पर आसम्बन्ध निर्वात्तित हो जाता है ॥४६॥ उन विनिवृत्त अधिकार वालो की मानसी सिद्धि हुआ करती है। उनकी शु॰ सिद्धियो की परम्परा मानसी जाननी चाहिए ॥४७॥ चार लोक कह दिये गये हैं तथा हे विप्रवृन्द ! जनकी अनुविधि भी सक्षेप से मैंने बतला दी है मैं पुन उसको तुम्हारे सामने कहता हूँ ॥४८॥

मरीचि कश्यपो दक्षो वसिष्ठश्चाङ्गिरा भृगु ।
पुलस्त्य पुलहश्चैव क्रतुरित्येवमादय ॥४६
पूव ते सम्प्रसूयन्ते ब्रह्मणो मनसा इह ।
तत प्रजा प्रतिष्ठाप्य जनमेवाश्रयन्ति ते ॥५०
कल्पदाहप्रदीप्तेपु तदा कालेषु तेषु च ।
भूरादिषु महान्तषु भृश व्याप्तेष्वथाग्निना ॥५१

शिखा सवर्त्तका ज्ञेया प्राप्नुवन्ति सदा जना ।
यामादयो गणा सर्वे महर्लोकनिवासिन ॥५२
महर्लोकेषु दीप्तेषु जनमेवाश्रयन्ति ते ।
सर्वे सूक्ष्मशरीरास्ते तत्रस्थास्तु भवन्ति ते ॥५३
तेषा ते तुल्यसामर्थ्यास्तुल्यमूर्त्तिधरास्तथा ।
जन लोके विवर्त्तन्ते यावत्सप्लवते जगत् ॥५४
व्युष्टायान्तु रजन्या वै ब्रह्मणोऽव्यक्तयोनिन ।
अहरादौ प्रसूयन्ते पूर्ववत्क्रमशस्त्विह ॥५५
स्वायम्भुवादय सर्वे मरीच्यन्तास्तु साधका ।
देवास्ते वै पुनस्तेषा जायन्ते निधनेष्विह ॥५६

श्री वायुदेव ने कहा—मरीचि—कश्यप—दक्ष—वसिष्ठ—अङ्गिरा—भृगु—पुलस्त्य—पुलह और क्रतु इत्येवमादि लोग पहिले यहाँ ब्रह्मा के मन से उत्पन्न होते हैं फिर ये प्रजाओं को प्रतिष्ठापित करके जन का ही आश्रय लिया करते हैं ॥४६ ५०॥ कल्पदाह के प्रदीप्त उन कालो मे भू से आदि लेकर महान्त तक अग्नि के अच्छी तरह व्याप्त हो जाने पर सर्वत्तिका शिखा जाननी चाहिए जिसको कि मनुष्य सदा ही प्राप्त किया करते है । यामादि समस्तगण जो महर्लोक के निवास करने वाले हैं ॥५१-५२॥ वे महर्लोक के दीप्त होजाने पर जनलोक का आश्रय ग्रहण कर लेते हैं । वहाँ पर वे सभी सूक्ष्म शरीर वाले होते हुए वहाँ ही अपनी स्थिति किया करते हैं ॥५३॥ उनके वे तुल्य सामर्थ्य वाले और समान ही मूर्त्तियो को धारण करने वाले जब तक यह जगत् सप्लावित होना है जनलोक मे ही विशेष रूप से रहा करते हैं ॥५४॥ अव्यक्त योनि ब्रह्मा की रजनी के व्युष्ट होजाने पर दिन के आदि मे यहाँ पुन पूर्व की भाँति क्रम से उत्पन्न किया करते हैं ॥५५॥ यह निधन होने पर समस्त स्वायम्भुवादि और मरीच्यन्त साधक देव वे फिर उनके जन्म ग्रहण किया करते हैं ॥५६ ।

यामादय क्रमेणैव कनिष्ठाद्या प्रजापते ।
पूर्वं पूर्वं प्रसूयन्ते पश्चिमे पश्चिमास्तथा ॥५७

वाले व्यासजी के पुत्र और पुराणों के पूर्ण ज्ञाता सूतजी से कहा—॥७ ॥ ऋषिवृन्द बोले—वे वराज जिस आहार वाले जिन सत्वों वाले और जिस आश्रय वाले होकर रहते है और जितने समय तक ठहरते हैं वह हमसे ठीक कहिए ॥७१॥

तदुक्तमृषिभिर्वाक्य श्रुत्वा लोकार्थतत्त्ववित् ।
सूत पौराणिको वाक्य विनयेनेदमब्रवीत् ॥७२
तन प्राप्यन्त त स र्वे शुद्धिशुद्धतमाश्च ये ।
आभूत सम्प्लवास्तत्र दश तिष्ठन्ति त जना ॥७३
सर्वे सूक्ष्मशरीरास्त विद्वासो घनमूर्त्तय ।
स्थितलोकास्थितत्वाच्च तथा भूत न विद्यत ॥७४
ऊचु सनत्कुमाराद्या सिद्धास्त योगधार्मिण ।
ख्याति नमित्तिकी तथा पर्य्याये समुपस्थिते ॥७५
स्थानस्थाने मनश्चापि युगपत्सप्रवर्त्तते ।
ऊचु सर्वे तदान्योऽन्य वराजाच्छुद्धबुद्धय ॥७६
एवमेव महाभागा प्रणव सम्प्रविश्य ह ।
ब्रह्मलोके प्रवर्त्तारस्तत्र श्र यो भविष्यति ॥७७
एवमुक्त्वा तदा सर्वे ब्रह्मान्ते व्यवसायिन ।
योजयित्वा तदा सर्व्वे वर्त्तन्ते योगधर्म्मिण ॥७८
तत्रव सम्प्रलीयन्ते शान्ता दीपाचिषो यथा ।
ब्रह्मकायमथत्तन्त पुनरावृत्तिदुर्ल्लभम् ॥७९
लोक त समनुप्राप्य सर्व्वे ते भावनामयम् ।
आनन्द ब्रह्मण प्राप्य ह्यमृतत्वाय ते गताः ॥८
व राजेभ्यस्तथवोद्ध मन्तरे पद्गुणे तत ।
ब्रह्मलोक समाख्यातो यत्र ब्रह्मा पुरोहित ॥८१

ऋषियों के द्वारा कहे हुए उस वाक्य को श्रवण कर लोकों के अर्थ के तत्व को जानने वाले पौराणिक सूतजी विनय के साथ यह वाक्य बोले ॥७२॥ वे सब जो शुद्धि से शुद्धतम थे वहाँ प्राप्त होते हैं और वहाँ पर वे मनुष्य दश

प्राभूत सम्प्लव तक ठहरा करते है ॥७३॥ वे सब सूक्ष्म शरीर वाले विद्वान् और मन मूर्त्ति वाले है और स्थित लोक मे भ्रास्थित होने से उनका भूत नही होता है ॥७४॥ सनत्कुमार आद्य सिद्ध और योग धर्मी उनके पर्याय के समुपस्थित होने पर नैमित्तिकी ख्याति को कहते है ॥७५॥ स्थान के त्याग करने पर मन भरे एक ही साथ सम्प्रवृत्त होता है । उस समय शुद्ध बुद्धि वाले सब अन्योन्य मे वैराजो को कहते हैं ॥७६॥ इसी प्रकार से ही महाभाग प्रणव मे सम्प्रवेश करके ब्रह्मलोक मे प्रवर्त्तन करने वाले हमारा श्रेय होगा ॥७७॥ इस रीति से कहकर उस समय मे सब ब्रह्मान्त मे व्यवसाय करने वाले योजित करके तब सब योग धर्मी होते हैं ॥७८॥ वहाँ पर ही जैसे दीप की अर्चियाँ शान्त होजाया करती हैं ये सम्प्रलीन हो जाते हैं ॥७९॥ वे सब उस भावनामय लोक को अनुप्राप्त करके और ब्रह्मा के आनन्द की प्राप्ति करके वे अमृतत्व को प्राप्त हो जाया करते हैं ॥८०॥ वैराजो से उसी प्रकार से ऊर्द्ध मे पद्गुण अन्तर मे ब्रह्मलोक ख्यात है जहाँ ब्रह्मा पुरोहित है ॥८१॥

ते सर्वे प्रणावात्मानो बुद्धशुद्धतपास्तथा ।
आनन्द ब्रह्मण प्राप्यामृतत्वञ्च भजन्त्युत ॥८२
द्वन्द्वैस्ते नाभिभूयन्ते भावत्रयविवर्ज्जिता ।
आधिपत्य विना तुल्या ब्रह्मणस्ते महौजस ॥८३
प्रभावविर्यैश्वर्य्यस्थितिवैराग्यदर्शनै ।
ते ब्रह्मलौकिका सर्वे गति प्राप्य विवर्त्तनीम् ॥८४
ब्रह्मणा सह देवैश्च सम्प्राप्ते प्रतिसञ्चरे ।
तपसोऽन्ते क्रियात्मानो बुद्धावस्था मनीषिण ।
अव्यक्ते सम्प्रलीयन्ते सर्वे ते क्षणदर्शिन ॥८५
इत्येतदमृत शुक्र नित्यमक्षयमव्ययम् ।
देवर्षयो ब्रह्मसत्र सनातनमुपासते ॥८६
अपुनर्मार्गगादीना तेषा चैवोर्द्ध्वरेतसाम् ।
कर्माभ्यासकृता शुद्धिर्वेदान्तेषूपलक्ष्यते ॥८७

तत्र तेऽभ्यामिना युक्ता परा काउमुपासते ।
हित्वा शरीर पाप्मानममृतत्वाय ते गता ॥८८

वे सब प्रयत्न की आत्मा वाल तथा वृद्ध एव शुद्ध तप वाल ब्रह्मा के आनन्द का लाभ कर अमृतत्व का सेवन किया करते हैं ॥८२॥ तीनो भावों से विवर्जित वे द्वन्द्वे से अभिभूत नहीं हुआ करते हैं। आधिपत्य के बिना महान् ओज वाले ब्रह्मा के तुल्य हो जाते हैं ॥८३॥ प्रभाव-विजय-ऐश्वय-स्थिनि-वराज और दर्शनों से वे सब विवर्तिनी गति को प्राप्त कर ब्रह्मलौकिक होजाते हैं ॥८४॥ ब्रह्मा और देवो के साथ प्रति सञ्चार सम्प्राप्त करने पर तप के अन्त म क्रियात्मा और बुद्धावस्था वाले मनीषी वे सब क्षणदर्शी होते हुए अव्यक्त म सम्प्रलीन हो जाते है ॥८५॥ देवर्षिगण इस अमृत-शुक्र-विरज-अक्षय सनातन और अक्षय ब्रह्मपद की उपासना किया करते है ॥८६॥ अपुनर्मार्ग म गमन करने वाले ऊर्द्ध रेता उनकी कर्माभ्यास से की हुई शुद्धि वेदान्तो मे उपलक्षित होती है ॥८७॥ वहाँ पर अभ्यास करने वाले-युक्त वे पराकाष्ठा की उपासना करते हैं और पाप युक्त शरीर का त्याग करके अमृत्व को प्राप्त होगये है ॥८८॥

वीतरागा जितक्रोधा सतत सत्यवादिन ।
शान्ता प्रणिहितात्मानो दयावन्तो जितेन्द्रिया ॥८९
नि सङ्गा शुचयश्च व ब्रह्मसायुज्यगा स्मृता ।
अकामयुक्तयें धीरास्तपोभिर्द्ग्धकिल्विषा ।
तेषामत्र शिनो लोका अप्रमेयसुखा स्मृता ॥९०
एतद्ब्रह्मपद दिव्य व्योम्नि दीप्त भास्वरम् ।
गत्वा न यत्र शोचन्ति ह्यमरा ब्रह्मणा सह ॥९१
कस्मादेव पराद्ध ञ्च कश्च च पर उच्यते ।
एतद्व दितुमिच्छामस्तन्नो निगद सत्तम ॥९२
शृणुध्व मे पराद्ध च परिसख्या परस्य च ।
एक दश शतञ्च व सहस्रञ्च व सह्खया ॥९३
विज्ञ यमासहस्रन्तु सहस्राणि दशायुतम् ।
एक शतसहस्रन्तु नियुत प्रोच्यते बुधै ॥९४

तथा शतसहस्राणामर्बुद कोटिरुच्यते ।
अर्बुद दशकोट्यस्तु ह्यब्ज कोटिशत विदु ॥६५
सहस्रमपि कोटीना खर्वमाहुर्मनीषिणः ।
दशकोटिसहस्राणि निखर्वमिति त विदु ॥६६

वीतराग–क्रोध को जीतने वाले–मोह से रहित–सत्य बोलने वाले–शान्त हित आत्मा वाले–दया से पूर्ण–इन्द्रियों को जीतने वाले–राग से हीन र मुनि ब्रह्म सायुज्य को प्राप्त होने वाले कहे गये है । निष्काम तपो से युक्त जो वीर होते है वे उन तपो से पापो को दग्ध कर देने वाले हो जाते है उनके लोक भय रहित और अप्रमेय सुख से अन्वित कहे गये है ॥८६-९०॥ यह हा स्थान परम दिव्य और व्योम मे भास्वर रहता है जहाँ पर जाकर ब्रह्मा के साथ शोच नही किया करते है ॥९१॥ ऋषियो ने कहा—यह परार्द्ध किस कारण से है और यह पर कौन कहा जाता है । हम अब यह जानना चाहते है तो है श्रेष्ठतम ! वह हमसे कहो ॥९२॥ श्री सूतजी ने कहा— आप लोग मुझसे परार्द्ध के विषय मे श्रवण करो और पर की परसख्या भी सुन लो । एक–दश–शत और सख्या से सहस्र तक जानना चाहिए ॥९३॥ दश सहस्र का अयुत होता है । शत सहस्र का एक नियुत बुधो के द्वारा कहा जाता है ॥९४॥ उसी प्रकार से एक शत सहस्रो का अर्बुद कोटि कहा जाया करता है । दश कोटियो को अर्बुद कहते है और सौ करोड को अब्ज कहा जाता है ॥९५॥ एक सहस्र कोटियो को मनीषीगण खर्व कहते है । दश सहस्र करोडो को निखर्व कहते है ॥९६॥

शत कोटिसहस्राणा शङ्कुरित्यभिधीयते ।
सहस्रन्तु सहस्राणा कोटीना दशधा पुन ।
गुणितानि समुद्र वै प्राहु सख्याविदो जना ॥९७
कोटीना सहस्रमयुतमित्यय मध्य उच्यते ।
कोटि सहस्रनियुता स चान्त इति सज्ञित ॥९८
कोटिकोटिसहस्राणि परार्द्ध इति कीर्त्यते ।
परार्द्धं द्विगुणश्चापि परमाहुर्मनीषिण ॥९९

शतमाहु परिदढ सहस्र परिपद्मम् ।
विनयमयुत तस्मान्नियुत प्रयुत तत ॥१००
अर्बु न्यर्बु दश्च व खर्वु दश्च तत स्मृतम् ।
खवश्च व निखवश्च शङकु पद्म तथव च ॥१०१
समुद्र मध्यमश्च व पराद्ध मपर तत ।
एवमष्टादशतानि स्थानानि गणनाविधौ ॥१०२
शतानीति विजानीयात् सञ्ज्ञितानि महर्षिभि ।
कल्पसख्या प्रवृत्तस्य पराद्ध ब्रह्मण स्मृतम् ॥१०३
तावच्छेषोऽपि कालोऽस्य तस्यान्ते प्रतिसृज्यत ।
पर एष पराद्ध च सख्यात सख्यया मया ॥१०४

सौ सहस्र करोडो को शत—इस नाम से कहा जाता है । सहस्रों करोडो के सहस्र को फिर दशवार गुणित कर देने पर सख्या के वेत्ता लोग उसे समुद्र इस नाम से कहते हैं ॥६७॥ कोटियो का सहस्र अयत है—यह मध्य कहा जाता है । कोटि सहस्र नियुत जो है वह प्र त —इस सज्ञा वाला होता है कोटियों के कोटि सहस्र पराद्ध इस नाम से कहा जाता है । पराद्ध का दुगुना भी मनीषियो के द्वारा परम कहा जाता है ॥६६॥ शत को परिदढ कहते हैं और सहस्र को परिपद्मक कहते हैं । उससे प्रयुत जानना चाहिए और फिर नियत तथा प्रयुत होता है ॥१ ॥ अर्बु द-निर्बु द और खर्बु द कहा गया है । खर्व-निखर्व और फिर शंकु तथा पद्म कहा जाता है ॥१ १॥ समुद्र और मध्यम और इसके पश्चात् पराद्ध होता है । इस तरह से इस गणना की विधि के अठारह स्थान होते है ॥१ २॥ शतानि-यह जानना चाहिए जोकि मनीषियो के द्वारा संज्ञा वाले हुए है । कल्प सख्या मे प्रवृत्त उस ब्रह्मा का पराद्ध कहा गया है ॥१ ३॥ उतना उसका शेष काल भी उसके अ त मे प्रति सृष्ट किया जाता है । यह पर और पराद्ध मैंने सख्या से गिना हुआ किया है ॥१ ४॥

यस्मादस्य पर वीय परमायु परन्तपः ।
परा शक्ति परो धर्म परा विद्या परा धृति ॥१०५

पर ब्रह्म पर ज्ञान परमैश्वर्यमेव च ।
तस्मात्परतर भूत ब्रह्मणोऽन्यन्न विद्यते ॥१०६
परे स्थितो ह्यपि पर सर्वार्थेषु तत परः ।
सख्यातस्तु परो ब्रह्मा तस्यार्द्ध तु परार्द्धता ॥१०७
सख्येय चाप्यसख्येय सतत चापि त त्रिकम् ।
सख्येय सख्यया दृष्टमपारार्द्धाद्विभाव्यते ॥१०८
राशौ दृष्टे न सख्यास्ति तदसख्यस्य लक्षणम् ।
आनन्त्य सिकताख्येषु दृष्टवान् पञ्चलक्षणम् ॥१०९
ईश्वरैस्तत्प्रसख्यात शुद्धत्वाद्दिव्यदृष्टिभि ।
एव ज्ञानप्रतिष्ठत्वात् सर्व्वं ब्रह्मानुपश्यति ॥११०
एतच्छ्रुत्वा तु ते सर्वे नैमिषेयास्तपस्विन ।
बाष्पपर्य्याकुलाक्षास्तु प्रहर्षाद्गद्गदस्वरा ॥१११
पप्रच्छुर्मातरिश्वान सर्व्वे ते ब्रह्मवादिन ।
ब्रह्मलोकस्तु भगवन् यावन्मात्रान्तर प्रभो ॥११२
योजनाग्रे ण सख्यातः साधन योजनस्य तु ।
क्रोशस्य च परीमाण श्रोतुमिच्छामि तत्वतः ॥११३

जिस कारण से इसकी पर वीर्य है—परम आयु–परम तप–परा शक्ति–पर धर्म–परा विद्या–परा वृत्ति–परम ब्रह्म–परम ज्ञान और परम ऐश्वर्य होता है उससे परतर भूत होता है जोकि ब्रह्म से अन्यत् कोई नहीं है ॥१०५-१०६॥ पर में स्थित यह पर है और समस्त अर्थों में पर है उससे पर ब्रह्मा सख्यात होता है और उसका अर्द्ध ही परार्द्धता होती है ॥१०७॥ सख्या करने के योग्य और सख्या न करने के भी योग्य सर्वदा उस त्रिक को सख्या से सख्या करने के योग्य देखा है जो अपरार्द्ध से विभावित किया जाता है ॥१०८॥ राशि के देखने पर सख्या नहीं है वह असख्य का लक्षण है । सिकता नाम वालो का पञ्च लक्षण वाला आनन्त्य देखा है ॥१०९॥ दिव्य दृष्टि वाले ईश्वरो के द्वारा शुद्ध होने से वह प्रसख्यात है । इस प्रकार से ज्ञान प्रतिष्ठ होने से सब ब्रह्म का अनुदर्शन करता है ॥११०॥ यह श्रवण कर वे सब नैमिषेय तपस्वी लोग बाष्पो

से आकुल नेत्रों वाले प्रहृष्ट रूप से गद्गद स्वर वाले हो गये थे ॥१११॥ उन समस्त ब्रह्म वादियों ने वायुदेव से पूछा—हे प्रभो ! हे भगवान् ! ब्रह्मलोक जितना अन्तर वाला है वह योजनाग्र से सख्यायान किया गया है। योजन का साधन और कोस का परीमाण तत्त्व पूर्वक हम लोग सुनने की इच्छा करते हैं ॥११२ ११३॥

तपा तद्वचन श्रुत्वा मातरिश्वा विनीतवाक ।
उवाच मधुर वाक्य यथादृष्ट यथाक्रमम् ॥११४
एतद्वोऽह प्रवक्ष्यामि शृणुध्व मे विवक्षितम् ।
अव्यक्ताव्यक्तभागो वै महास्थूलो विभाव्यत ॥११५
दशव महता भागा भूतादि स्थूल उच्यत ।
दशभागाधिक चापि भूतादि परमाणुक ॥११६
परमाणु सुसूक्ष्मस्तु भावग्राह्यो न चक्षुषा ।
यदभेद्यतम लोके विज्ञ य परमाणु तत् ॥११७
जालान्तरगत भानोर्यत्सूक्ष्म दृश्यत रज ।
प्रथम तत्प्रमाणाना परमाणु प्रचक्षत ॥११८
अष्टाना परमाणूना समवायो यदा भवेत् ।
त्रसरेणु समाख्यातस्तत्पद्मरज उच्यत ॥११९
त्रसरेणवश्च येऽप्यष्टौ रथरेणुस्तु स स्मृत ।
तेऽप्यष्टौ समवायस्था बालाग्र तत्स्मृत बुध ॥१२०
बालाग्राण्यष्ट लिक्षा स्याद्यूका तच्चाष्टक भवेत् ।
यूकाष्टक यवा प्राहुरङ्गुलन्तु यवाष्टकम् ॥१२१

उनके उस वचन का श्रवण कर विनीत वचन वाले वायुदेव जैसा भी देखा है उसे यथाक्रम से मधुर वाक्य कहने लगे ॥११४॥ वायु ने कहा—यह मैं आपको बतला दूँगा मेरे विवक्षित को आप सुनिये। अव्यक्त भाग निश्चय ही महान् स्थूल विभावित होता है ॥११५॥ महतो के दश ही भाग हैं। भूतादि स्थूल कहा जाता है। दश भागो से अधिक भी भूतादि परमाणुक होता है ॥११६॥ परमाणु बहुत ही सूक्ष्म होता है और वह भावग्राह्य है चक्षु के द्वारा

ग्राह्य नही होता है। जो लोक मे अभेद्यतम होता है उसी को परमाणु जानना चाहिए ॥११७॥ भानु के जाल के अन्तर्गत जो सूक्ष्म रज के कण दिखलाई देते हैं। प्रथम उसके प्रमाण वालो को परमाणु कहते है ॥११८॥ आठ परमाणुओ का समवाय जब हो जाता है तो उसे त्रसरेणु इस नाम से समाख्यात करते है यह पद्मरज कहा जाता है। आठ त्रसरेणुओ का रथरेणु कहा जाता है। आठ रथरेणुओ का जब समवाय होता है तो बुधो के द्वारा बलाग्र कहा गया है ॥११६ १२०॥ आठ बलाग्राओ का एक लिक्षा और आठ लिक्षाओ का एक यूका होती है। आठ यूकाओ का एक यव और आठ यवो का एक अगुल होता है ॥१२१॥

द्वादशागुलपर्व्वाणि वितस्तिस्थानमुच्यते ।
रत्निश्चागुलपर्वाणि विज्ञेयो ह्येकविशति ॥१२२
चत्वारि विशतिश्चैव हस्त स्यादगुलानि तु ।
किष्कुर्द्विरत्निर्विज्ञेयो द्विचत्वारिंशदगुल ॥१२३
षण्णवत्यगुलञ्चैव धनुराहुर्मनीषिण ।
एतद्गव्यूतिसख्याया पादाना धनुष स्मृत ॥१२४
धनुर्दण्डो युग नाली तुल्यान्येतान्यथागुलैः ।
धनुषस्त्रिशत नल्वमाहु सख्याविदो जना ॥१२५
धनु सहस्रे द्वे चापि गव्यूतिरुपदिश्यते ।
अष्टौ धनु सहस्राणि योजनन्तु विधीयते ॥१२६
एतेन धनुषा चैव योजन तु समाप्यते ।
एतत्सहस्र विज्ञेय शक्रक्रोशान्तरन्तथा ॥१२७
योजनानान्तु सख्यात सख्याज्ञानविशारदै ।
एतेन योजनाग्रेण शृणुध्व ब्रह्मणोऽन्तरम् ॥१२८
महीतलात्सहस्राणा शतादूर्द्ध्वं दिवाकर. ।
दिवाकरात्सहस्रेण तावदूर्द्ध्वं निशाकर ॥१२६
पूर्ण शतसहस्रन्तु योजनाना निशाकरात् ।
नक्षत्रमण्डल कृत्स्नमुपरिष्टात्प्रकाशते ॥१३०

द्वादश अगुलो के पर्वों का एक वितस्ति होता है। जोकि वधो मे द्वारा वितस्ति स्थान कहा जाता है। इक्कीस अगुला का एक पव जानना चाहिये ॥१२२॥ चौबीस अगुलो का एक हस्त होता है। दो रात्रियो का विराम बया लीस अगुल हुआ करते हैं एक किष्कु होना है ॥१२३॥ छयानवे अगुल वाला जो होता है उसे मनीषी लोग एक धनु कहते हैं। यह गव्यूति सख्या म पादो का कहा गया है ॥१२४॥ दो धनुदण्ड वाला नीली है जसे अगुलो के तुल्य हैं। तीनसौ धनुषो का न ल्व सख्या के विद्वान् बन कहते हैं ॥१२५॥ दो सहस्र धनुओं का एक गव्यूति कहा जाता है। आठ सहस्र धनुओं का एक योजन होता है ॥१२६॥ इस धनुष से योजन समाप्त किया जाता है। यह जब एक सहस्र हों तो शक्र क्रोशान्तर होगा है ॥१२७॥ सख्या के ज्ञान रखने वाले पण्डितो के द्वारा योजनो की सख्या की गई है। इस योजनाग्र से ब्रह्मा का अन्तर श्रवण करो ॥१२८॥ महीतल से सौ सहस्र ऊपर दिवाकर होता है। दिवाकर से सहस्र ऊपर निशा कर होना है ॥१२९॥ निशाकर से ऊपर एक पूरे सौ सहस्र समस्त ताराग्रहों का नक्षत्र मण्डल होता है जोकि प्रकाश करता है ॥१३ ॥

शत सहस्र सख्यातो मेरुर्द्विगुणित पुन ।
ग्रहान्तरमथककमूर्ध्व नक्षत्रमण्डलात् ॥१३१
ताराग्रहाणा स वेषामधस्ताच्चरते बुध ।
तस्योर्ध्वंश्चरते शुक्रस्तस्मादूर्ध्व च लोहित ॥१३२
ततो बृहस्पतिश्चोर्ध्व तस्मादूर्ध्वं शनश्चर ।
ऊर्ध्व शतसहस्रन्तु योजनाना शनश्चरात् ॥१३३
सप्तर्षिमण्डल कृत्स्नमुपरिष्टात्प्रकाशते ।
ऋषिभिस्तु सहस्राणां शतदूर्ध्व विभाव्यते ॥१३४
योऽसौ तारामये दिव्ये विमाने ह्रस्वरूपके ।
उत्तानपादपुत्रोऽसौ मेढिभूतो ध्रुवो दिवि ॥१३५
त्रलोक्यस्यष उत्सेधो व्याख्यातो योजनमया ।
मन्वन्तरेषु देवानामिज्या यत्रव लौकिकी ॥१३६

वर्णाश्रमेभ्य इज्या तु लोकेऽस्मिन्या प्रवर्त्तते ।
सर्वेषा देवयोनीना स्थितिहतु स वै स्मृत ॥१३७

त्रैलोक्यमेतद्व्याख्यातमत ऊर्ध्वं निबोधत ।
ध्रुवादूर्ध्वं महर्लोको यस्मिंस्ते कल्पवासिन ।
एकयोजनकोटी सा इत्येव निश्चय गतम् ॥१३८

सौ सहस्र संख्या से मेरु द्विगुणित बताया गया है। ग्रहो का एक-एक से ऊपर नक्षत्र मण्डल मे अन्तर होता है ॥१३१॥ समस्त ताराग्रहो के नीचे के भाग में बुध रहता है। उसके ऊपर शुक्र है और उससे ऊपर लोहित चरण करता है ॥१३२॥ उससे ऊपर बृहस्पति और उससे ऊपर शनैश्चर होता है। शनैश्चर से सौ सहस्र योजन ऊपर सप्तर्षियो का मण्डल हुआ करता है जोकि पूर्ण रूप से प्रकाशित हुआ करता है। ऋषियो से सौ सहस्र ऊपर ह्रस्वरूपक इस दिव्य तारामय विमान मे जो यह मेढिभूत उत्तानपाद राजा का पुत्र ध्रुव स्थिर मे प्रकाशित होता है ॥१३३-१३४-१३५॥ मैंने यह त्रैलोक्य का उत्सेध (ऊँचाई) व्याख्यात कर दिया है अर्थात् खुलासा बतला दिया है जोकि योजनो के द्वारा होता है। मन्वन्तरो मे जहाँ पर ही लौकिकी देवो की इज्या होती है ॥१३६॥ जो इज्या यहाँ लोक मे वर्णाश्रमो मे प्रवृत्त हुआ करती है। समस्त देव योनि वालो की वह ही स्थिति का हेतु बताया गया है ॥१३७॥ मैंने यह इस तरह त्रैलोक्य की व्याख्या करदी है अब इससे आगे समझलो। ध्रुव से ऊपर महर्लोक है जिसमे कि वे कल्पवासी रहते हैं। वह एक कोटि योजन है इसी प्रकार निश्चय किया गया है ॥१३८॥

द्वे कोट्यौ तु महर्लोकाद्यस्मिंस्ते कल्पवासिन ।
यत्र ते ब्रह्मण पुत्रा दक्षाद्या साधका स्मृता ॥१३९
चतुर्गुणोत्तरादूर्ध्वं जन लोकात्तप स्मृतम् ।
वैराजा यत्र ते देवा भूतदाहविवर्जिता ॥१४०
षड्गुणात्तु तपोलोकात्सत्यलोकान्तर स्मृतम् ।
अपुनर्मारकामाना ब्रह्मलोक स उच्यते ॥१४१

यस्माद च्यवते भूयो ब्रह्माणं स उपासते ।
एककोटिर्योजनानां पञ्चाशन्नियुतानि तु ॥१४२
ऊर्द्ध्व भागस्ततोऽण्डस्य ब्रह्मलोकात्पर स्मृत ।
चतुरश्च व कोट्यस्तु नियुता पञ्चषष्टि च ॥१४३
एषोऽर्द्धशप्रचारोऽस्य गत्यन्तश्चापर. स्मृत ।
भ्र वाग्रमेतद्व्याख्यात योजनाग्राद्यथाश्रुतम् ॥१४४
अधोगतीना वक्ष्यामि भूताना स्थानकल्पनाम् ।
गच्छति घोरकर्म्माण प्राणिनो यत्र कर्म्मभि ॥१४५
नरको रौरवो रोध सूकरस्ताल एव च ।
तप्तकुम्भो महा वाल णवलोऽथ विमोचन ॥१४६
कृमी च कृमिभक्षश्च लालाभक्षो विशसन ।
अध शिरा पूयवहो रुधिरान्धस्तथैव च ॥१४७
तथा वतरणं कृष्णमसिपत्रवन तथा ।
अग्निज्वालो महाघोर सदशोऽथ श्वभोजन ॥१४८
तमश्च कृष्णसूत्रश्च लोहश्चाप्यसिजस्तथा ।
अप्रतिष्ठोऽथ वीच्यश्चनरका ह्य दमादय ॥१४९

महर्लोक से दो कोटि ऊपर जहाँ वे कल्प पयन्त वास करने वाले हैं औ जहाँ ब्रह्मा के पुत्र दक्ष आदि साधक कहे गये हैं ॥१३९॥ जनलोक से चतुगु र ऊपर तपोलोक बताया गया है जहाँ पर वराज देव रहते हैं जोकि भूत दाह रहित रहा करते है ॥१४ ॥ तपोलोक से षड गुण ऊपर सत्यलोक का अन्त होता है। जो अपुनर्मारको का ब्रह्मलोक कहा जाता है ॥१४१॥ जहाँ से फि कोई भी च्यवन नहीं किया करता है और वह ब्रह्मा की उपासना किया करत है। एक करोड योजन और पचास नियुत ऊपर उससे अण्ड का भाग है ब ब्रह्मलोक से भी पर कहा गया है चार कोटि और पैसठ नियुत है ॥१४२ १४३ इसका यह अर्द्धाश प्रचार अपर गत्यन्त कहा गया है। यह जसा भी सुना गय है योजनाग्र से ध्रुवाग्र की व्याख्या करदी गई है ॥१४४॥ अब अधोगति वाले प्राणियो की स्थान कल्पना को बतलाता हूँ। जहाँ पर घोर कर्म करने वाले

प्राणीगण अपने कर्मों के द्वारा जाया करते हैं ॥१४४-१४५॥ नरकों के नाम ये हैं—रौरव—रोध—सूकर—ताल—तप्तकुम्भ—महाज्वाल—शबल—विमोचन—कृमी—कृमिभक्ष—लालाभक्ष—विशसन—अधशिरा—पूयवह—रुधिरान्ध—वैतरणी—कृष्ण—असिपत्रवन—अग्निज्वाल—महाघोर—सदंश—अभोजन—तम—कृष्णसूत्र—लोह — अग्निज—अप्रतिष्ठ—वीच्यश्च इस प्रकार से ये नरक होते हैं ॥१४६ से १४९॥

तामसा नरका सर्वे यमस्य विषये स्थिता ।
येषु दुष्कृतकर्माणः पतन्तीह पृथक्पृथक् ॥१५०
भूमेरधस्तात्ते सर्वे रौरवाद्या प्रकीर्त्तिता ।
रौरवे कूटसाक्षी तु मिथ्या यश्चाभिशमति ।
क्रूरग्रहे पक्षवादी ह्यसत्य पतते नर ॥१५१
रोधे गोघ्नो भ्रूणहा च ह्यग्निदाता पुरस्य च ।
सूकरे ब्रह्महा मज्जेत्सुराप स्वर्णतस्कर ॥१५२
ताले पतेत्क्षत्रियहा हत्वा वैश्यश्च दुर्गतिम् ।
ब्रह्महत्याश्च य. कुर्याद्यश्च स्याद्गुरुतल्पग ॥१५३
तप्तकुम्भी स्वसागामी तथा राजभटश्च य ।
तप्तलोहे चाश्ववणिक्तथा बन्धनरक्षिता ॥१५४
साध्वीविक्रयकर्त्ता च यस्तु भक्त परित्यजेत् ।
महाज्वाले दुहितर स्नुषा गच्छति यस्तु वै ॥

ये समस्त तामस नरक यमराज के देश मे स्थित होते हैं। उन नरको मे जो पाप कर्मो के करने वाले पृथक् होते हैं वे अपने अपने कृत कर्मों के अनुसार पृथक् पृथक् पतित होते हैं ॥१५०॥ वे सब नरक भूमि के नीचे भाग मे रौरव आदि होते हैं। जो कूटसाक्षी अर्थात् झूठी गवाही देने वाला है और सर्वथा मिथ्या बोलता है वह क्रूरग्रह रौरव नामक नरक मे मिथ्यावादी तथा पक्ष में बोलने वाला जाकर गिरता है ॥१५१॥ रोध नामक नरक मे गौ की हत्या करने वाला तथा भ्रूणो का वध करने वाला और नगर मे आग लगाने वाला जाया करता है। ब्राह्मण का वध करने वाला सूकर मे गिरता है। सुरापान करने वाला और स्वर्ण का चुराने वाला ताल नाम वाले नरक मे गिरता है। क्षत्रिय

का हनन करने वाला तथा वध्य की दुर्गति करने वाला और जो ब्रह्महत्या करता है एवं जो गुरुपत्नी का गमन करता है वह तप्तकुम्भ नरक में जाता है। स्वसा का गमन करने वाला और जो राजभट होता है वह और अश्वों का बेचने वाला तथा बन्धन रक्षिता ये सब तप्तलोह नामक नरक मे पतन प्राप्त किया करते हैं ।।१५२ १५३ १५४।। स्वाध्वी के विक्रय करने वाला और भक्त का परित्याग कर देता है तथा पुत्री एवं स्नुषा का गमन किया करता है वह महा ज्वाल नाम वाले नरक मे गमन करके पापो के फल को भोगता है ।।१५५।।

वेदो विक्रीयते येन वेद दूषयते च य ।
गुरूश्च वावम यन्ते वाक्क्रोशस्ता डयन्ति च ।।१५६
अगम्यगामी च नरो नरक शवल व्रजेत् ।
विमोहे पतिते चौरे मर्यादा यो भिनत्ति च ।।१५७
दुरध्व कुरुते यस्तु कीटलोह प्रपद्यते ।
देवब्राह्मणविद्व ष्टा गुरूणाञ्चाप्यपूजक ।
रत्न दूषयते यस्तु कृमिभक्ष्य प्रपद्यते ।।१५८
पर्य्यश्नाति य एकोऽन्यो ब्राह्मणी सुहृद सुतात् ।
लालाभक्षे स पतति दुर्गन्धे नरके गत ।।१५६
काण्डकर्त्ता कुलालश्च निष्कहर्त्ता चिकित्सक ।
आरामेष्वग्निदाता य पतते स विशसने ।।१६०
असत्प्रतिग्रही यश्च तथवायाज्ययाजक ।
नक्षत्रजीवितो यश्च नरो गच्छत्यधोमुखम् ।।१६१

जिसके द्वारा वेदो का विक्रय किया जाता है और जो वेदो को दूषित किया करता है तथा गुरुगण का जो अपमान करता है एवं वाक्क्रोशों के द्वारा जो ताड़ना किया करते है एवं अगम्या गमन करते है वे सभी शबल नामक नरक मे जाया करते हैं। और विमोह नाम मे पतित होते हैं और जो मर्यादा को तोडते है वे भी उसी नरक मे जाते हैं ।।१५६ १५७।। जो दुरध्व करता है वह कीटलोक नरक मे जाता है। देवो-ब्राह्मणो का द्वेष करने वाला तथा गुरुओ की पूजा न करने वाला और जो रत्न को दूषित किया करता है वह कृमिभक्ष्य

नामक नरक में प्राप्त हुआ करता है ॥१५८॥ जो नर अन्य ब्राह्मणी और गुरु की पुत्री का उपभोग करता है वह दुःख देने वाला जल नामक नरक में जाकर गिरता है ॥१५९॥ शस्त्रकर्त्ता–कुम्हार–चित्र का काम करने वाला तथा चिकित्सा करने वाला एवं ग्राम में आग लगाने वाला व्यक्ति जो होता है वह विशसन नाम वाले नरक में गिरता है ॥१६०॥ असत् वस्तु से प्रतिग्रह का लेने वाला और उसी तरह से जो याजन के अयोग्य है उसका याजन करने वाला तथा नक्षत्रों के द्वारा जो जीविका चलाता है अर्थात् गणक ज्योतिषी मनुष्य होता है वह अधोमुख नामक नरक में जाता है ॥१६१॥

क्षीरं सुरां च मांसं च लाक्षा गन्धं रसांस्तिलान् ।
एवमादीनि विक्रीणन्घोरे पूयवहे पतेत् ॥१६२
ये कुक्कुटानि बध्नाति मार्जारान्सूकरांश्च तान् ।
पक्षिणश्च मृगाञ्छागान्सोऽप्येवं नरकं व्रजेत् ॥१६३
आजीविको माहिषिकस्तथा चक्रध्वजी च यः ।
रङ्गोपजीविको विप्रः शाकुनिर्ग्राम याजकः ॥१६४
अगारदाही गरदः कुण्डाशी सोमविक्रयी ।
सुरापो मांसभक्षश्च तथा च पशुघातकः ॥१६५
विश (श्व) स्ता महिषादीनां मृगहन्ता तथैव च ।
पर्वकारश्च सूची च यश्च स्वामिश्वघातकः ।
रुधिरान्धे पतन्त्येते एवमाहुर्मनीषिणः ॥१६६

क्षीर (दूध)–सुरा–मांस–लाख–गन्ध (सुगन्धित पदार्थ)–रस और तिलों को एवं इस प्रकार की वस्तुओं को बेचने वाला व्यक्ति घोर पूय वह नामक नरक में जाकर गिरता है ॥१६२॥ जो मुर्गों को वध करता है तथा मार्जारों को और सूकरों को–पक्षियों को–मृगों को तथा छागों को वध किया करता है वह भी इसी नरक में गिरता है ॥१६३॥ आजीविक–माहिषिक और जो चक्रध्वजी होता है—जो रङ्गों से उपजीविका करने वाला विप्र है तथा शाकुनि एवं ग्राम याजक होता है—अगार को दाह करने वाला–विष देने वाला–कुण्डाशी–सोम का विक्रय करने वाला–मदिरा पीने वाला–मांस भक्षण करने वाला–

एवम् फिर क्रम से ही वर्णन किये हुए नरकों का समझ लो। भूमि के नीचे के भाग में सात ही नरक कहे गये हैं ॥१७६॥ वे क्रम से तामिस्त्रकादि अधम के सूत्र है। रौरव और महा रौरव उत्तम प्रथम है ॥१७७॥ इसके नीचे फिर भी अन्य हीनस्तय कहा गया है। तीसरा काल सूत्र होता है जो महा हर्वि विधि कहा गया है ॥१७८॥ अप्रतिष्ठ चौथा और पाँचवाँ अवीची नाम वाला होता है। उनमें लोह पृष्ठ स्तम जो अविधेय है सातवाँ होता है ॥१७९॥ घोर होने से रौरव कहा गया है और साम्भक बहुत कहा गया है। कुम्भकरण तो शीतात्मा होता है उसके नीचे अधम तप होना है ॥१८०॥ सर्व निकृन्तन कहा गया है। काल सूत्र यह दारुण है। अप्रतिष्ठ में स्थिति नहीं है उसमें कुम्भकरण भ्रम होता है ॥१८१॥ अवीचि नरक दारुण कहा गया है क्यों वह यन्त्र पीड़ित करता है। उससे भी सु विरुण कर्मों के क्षय के कारण लोह नामक नरक होता है ॥१८२॥

तथाभूतो शरीरत्वादविधिम्यस्तु स स्मृत ।
पीडब धवधासङ्गादप्रतीनारलक्षरण ॥१८३
ऊर्द्ध्व शैलमितास्ते सु निरालोकाश्च ते स्मृता ।
दु खोत्कयस्तु सर्वेषु ह्यधमस्य निमित्तत ॥१८४
ऊर्द्ध्व लोके समावेतो निरालोको च तावुभौ ।
कूटाङ्गारप्रमाणश्च शरीरी मूत्रनायक ॥१८५
उपभोगसमर्थेस्तु सद्यो जायन्ति कर्मभि ।
दु ख प्रकषप्रोप्तत्व तपु सर्वेषु वै स्मृतः ॥१८६
यातनाश्चाप्यसस्थेया नारकाणा तथा स्मृता ।
तत्रानुभूयत दु ख क्षीणे कर्मणि वै पुन ॥१८७
तिर्यग्योनौ प्रसूयन्त कर्मशेषे गत तत ।
देवाश्च नारकाश्च व ह्यूर्द्ध्व चाधश्च सस्थिता ॥१८८
धर्माधर्मनिमित्तेन सद्यो जायन्ति मूर्त्तय ।
उपभोगार्थमुत्पत्तिरौपपत्तिककर्मत ॥१८९
पश्यन्ति नारकान्देवा ह्यधोवक्त्रान् ह्यधोगतान् ।
नारकाश्च तथा देवान् सर्वान्पश्य न्त्यधो मुखान् ॥१९०

अनग्रमूलता यस्माद्धारणाश्च स्वभावत ।
तस्मादूर्ध्वमधोभावो लोकालोके न विद्यते ॥१९१
एषा स्वाभाविकी सज्ञा लोकालोके प्रवर्त्तते ।
अथाब्रुवन्पुनर्वायु ब्राह्मणा सत्रिणस्तदा ॥१९२
सर्वेषामेव भूताना लोकालोकनिवासिनाम् ।
ससारे ससरन्तीह यावन्त प्राणिनश्च तान् ॥१९३
सङ्ख्यया परिसङ्ख्याय तत प्रब्रूहि कृत्स्नश ।
ऋषीणा तद्वच श्रुत्वा मारुतो वाक्यमब्रवीत् ॥१९४

तथा भूत शरीर होने अविविम्ब वह कहा गया है। पीढबन्ध और वध के आसङ्ग होने से अप्रतीकार लक्षण वाला होता है ॥१८३॥ वे ऊपर से शैल को गये हुए तथा बिना आलोक वाले कहे गये हैं। अधर्म के निमित्त होने से सब में दुख का उत्कर्ष हुआ करता है ॥१८४॥ ऊर्ध्व भाग मे ये लोकों के समान होते हैं तथा ये दोनों निरालोक होते हैं। और कूटाकार प्रमाणो से शरीरी मूष नायक होता है ॥१८५॥ उपभोग मे समय कर्मों से तुरन्त ही होते हैं। उन सब मे दुखो का प्रकर्ष और उग्रता कहे गये है ॥१८६॥ नरको मे होने वाली यातनाऐं असङ्ख्य कही गई हैं। वहाँ पर फिर क्षीण कर्म मे दुख का अनुभव किया जाता हैं ॥१८७॥ इसके पश्चात् कर्मों के शेष रहने पर जीवात्मा तिर्यक् योनि मे जन्म लिया करते हैं। देवगण और नारकीगण ऊपर और नीचे के भागो मे सस्थित होते है ॥१८८॥ धर्म और अधर्म के निमित्त होने से तुरन्त मूर्तियाँ उत्पन्न हो जाती हैं। औपपत्तिक कर्म से उपभोग करने के लिये उत्पत्ति होती है ॥१८९॥ देवगण अधोगत और नीचे की ओर मुख करने वाले नारकी प्राणियो को देखा करते हैं। और नारक समस्त देवों को अवो मुख किये हुए देखते हैं ॥१९०॥ जिस कारण से अनग्रमूलता और स्वभाव से धारण होती है उससे लोकालोक मे ऊर्ध्वभाव तथा अधोभाव नहीं होता है ॥१९१॥ लोकालोक मे यह स्वाभाविकी सज्ञा होती है। इसके अनन्तर उस समय मे सत्र करने वाले ब्राह्मणो ने फिर वायुदेव कहा—॥१९२॥ ऋषियो ने कहा—लोकालोक के निवास करने वाले सभी प्राणियो मे से यहाँ ससार मे जितने प्राणी समरण

विभु होने के कारण यह योग की अग्नि वाला प्रभु ब्रह्मा के अनुग्रह में रत रहते हैं। वे लोक विग्रह होकर सहायता किया करते हैं ।।२१७।। उस ईश्वर के अक्षर ध्रुव-अव्यय-प्रथम औपसर्गिक परम मायामय यमात्र स्थान हैं ।।२१८।। महेश्वर देव माया से युक्त है और माया के द्वारा ही सब कुछ किया करते है। देवों का उप सहार भी इसी प्रकार किया करते हैं। उसका प्रमाण अब कहा जा रहा है। मैं विस्तार के साथ उसे आनुपूर्वी से कहता हूँ। आप लोग उसे मुझसे जान लेव। इस भूलोक से ब्रह्मलोक मर्यादश कोटि तथा पन्द्रह नियुत योजनों से युक्त कहा जाया करता है ।।२१६।।२२ ।। इस ब्रह्म लोक से भी ऊपर एक करोड पचास नियुत योजन भागवताणु स्थित है ऐसा कहा गया है ।।२२१।। यह इनसे ऊपर गमन करने वाला प्रकार है और वहां गति का अन्त होता है ऐसा बताया गया है। परस्पर में गुणों के आश्रय जो है वे नित्य हैं और अपरिसरयेय होते हैं ।।२२२।। प्रसव के धर्म वाली जो प्रकृतियां है वे परम सूक्ष्म है जिनमे अधिकर्ता ब्रह्म ही संज्ञा वाला क्षेत्रज्ञ उत्पन्न होता है ।।२२३।।

तासु प्रकृतिमत्सूक्ष्ममधिष्ठातृत्वमव्ययम् ।
अनुत्याद्य परधाम परमाणु परशेयम् ।।२२४

अक्षयश्चाप्यनुहृयश्च अमूर्तिमू र्त्तिमानसौ ।
प्रादुर्भावस्तिरोभाव स्थितिश्च वाप्यनुग्रह ।।२२५

विधिरन्यरनौपम्य परमाणु महेश्वर ।
सतेजा एष तमसो य परस्तात्प्रकाशक ।।२२६
यदण्डमासीत्तत्सौवर्णं प्रथमन्त्वौपसर्गिकम् ।
बृहत सवतोवृत्तमीश्वराद्वयवजायत ।।२२६
ईश्वरदाद् बीजनिर्भेद क्षेत्रज्ञो बीज इष्यते ।
यानि प्रकृतिमाचष्टे सा च नारायणात्मिका ।।१२८
विभुर्लोकस्य सृष्ट्यर्थ लोकसस्थानमेव च ।
सन्निसग स तन्धा च लोकधातुमहात्मन ।।२२९

पुरस्ताद्ब्रह्मलोकस्य ह्यण्डादव्यक्त ब्रह्मणः ।
तयोर्मध्ये पुरं दिव्यं स्थानं परमं मनोरमम् ॥ २३०
तद्विमहद्वत्स स्थानमीश्वरस्यामितौजसः ।
शिवं नाम पुरं तत्र धारणा जन्मभीरुणाम् ॥ २३१

उसका प्रकृति नामक सूक्ष्म तत्व प्रथम अभिव्यक्त होता है। वह परमाणु परमेश परमात्मा के द्वारा होता है ॥२२४॥ यह क्षण में परिवर्तन करने के अयोग्य किन्तु मूर्ति वाला और यह मूर्तिमान् है जिसका आविर्भाव और तिरोभाव तथा स्थिति भी एक प्रकार का अनुग्रह ही होता है ॥२२५॥ यह परमाणु महेश्वर शम्भु के द्वारा अनुपम विधि होता है। यह उसको परम प्रकाश करने वाला तेज से युक्त होता है ॥२२६॥ जो यह प्रथम सौवर्ण अण्ड ओतप्रोतात्मक अणु होता है। सभी ओर से वृत्त और परम विशाल यह ईश्वर से उत्पन्न हुआ था ॥२२७॥ ईश्वर से बीज का निर्भेद होता है। जो बीज होता है वही बीज होता है। प्रकृति को उस बीज को धारण करने वाली योनि कहा जाता है और यह भी नारायण के स्वरूप वाली होती है ॥२२८॥ विष्णु ने लोक की सृष्टि के लिये लोक सम्पादन किया है लोकों के नाथ उस महात्मा के शरीर से ही यह निर्गत होता है ॥२२९॥ सबसे पहले ब्रह्म होता है और फिर ब्रह्म का अण्ड है। इन दोनों के मध्य में पुर जिसका मनोरम परम दिव्य स्थान होता है ॥२३०॥ अपरिमित ओज वाले विश्वव्यापी उस ईश्वर का स्थान है। वह शिव नाम वाला पुर है और यहाँ पर जन्म मरण के भय से भीत जीवों की रक्षा होती है अर्थात् यही शिवपुर उनका धारण है ॥२३१॥

सहस्राणां शतं पूर्णं योजनानां द्विजोत्तमाः ।
अभ्यन्तरं तु विस्तीर्णं महीमण्डलसंस्थितम् ॥२३२
मध्याह्नार्कप्रकाशेन परेतेजोऽभिमर्दिना ।
शातकौम्भेन महता प्राकारेणाभिरक्षिता ॥ २३३
शिरैश्चतुर्भिः सौवर्णैर्गुंफादामविभूषितैः ।
तपनीयमयैः शुभ्रं र्गाढं गुप्तवेष्टनम् ॥ २३४

तच्चाकाशे पुरं रम्यं दिव्यं घण्टादिनादितम् ।
न तत्र क्रमते मृत्युर्न तपो न जरा श्रमा ॥२३५
न हि तस्य परस्यान्यदुपमा वक्तु मर्हति ।
सहस्राणां शतं पूर्णं योजनानां दिशा दश ॥२३६
तत्परं गोवृषाङ्कस्य तेजसा व्याप्य तिष्ठति ।
भावेन मनसो भूमिर्विन्यस्ता कनकामयी ॥ २३७
रत्नवालुकया तत्र विन्यस्ता गुणुभेऽधिकम् ।
शारदेन्दुप्रकाशानि बालसूर्यनिभानि च । २३८
श्वेतश्च श्यामश्च रक्तानि सौवर्णानि तथैव च ।
रथचक्रप्रमाणानि नीलमरकतप्रभ । २३९
सौकुमार्येण रूपेण गन्धिनाप्रतिमेन च ।
तत्र दिव्यानि पद्मानि वनेषूपवनेषु च ॥ २४०
भृङ्गपत्रनिकाशानि तपनीयानि यानि च ।
श्वेतश्च कृष्णाश्च रक्तानि सुकुमारान्तराणि च ॥ २४१
आतपत्रप्रमाणानि पङ्कजं सवृतानि च ।
भूयः सप्त महानद्यस्तासां नामानि बोधत ॥ २४२
वरा वरेण्या वरदा वरार्हा वरवर्णिनी ।
वरमा वरभद्रा च रम्यास्तस्मिन्पुरोत्तमे ॥ २४३
पद्मोत्पलदलोन्मिश्रं फेनावर्त विग्रहम् ।
जलं मणिदलप्रख्यमावहन्ति सरिद्वरा ॥२४४

हे द्विजोत्तमो ! वह सौ सहस्र योजनों से पूर्ण हैं । उसके अन्दर एक परम विस्तीर्ण महीमण्डल संस्थित होता है ॥२३२॥ मध्याह्न के सूर्य के प्रकाश का भी अभिभवन करने वाला वहां तेज का प्रकाश है । उसका सुवर्ण का विशाल प्राकार होता है जो सूर्य के वक्षस जैसा है ॥२३३॥ सुवर्ण निर्मित चार उसमें द्वार हैं जो कि मुक्ताओं की मालाओं से समलङ्कृत हैं । सोने के समान परम भास्वर वस्त्रों से भली भांति वेष्टित हैं ॥२३४॥ वह पुर अत्यन्त रम्य आकाश में है जो कि घण्टानाद से निनादित एवं अति दिव्य है । वहां

